

तीन गुणा बढ़ी पराली जलाने की ...
पेज- 8

दैनिक
# भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की



भाजपा की नीतियों से महिलाएं सबसे ...
पेज-7

■ वर्ष:1 ■ अंक: 31 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ मंगलवार ■ 10 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

# मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना व मिजोरम में बजा चुनावी बिगुल

## पांचों राज्यों के चुनावी नतीजे तीन दिसंबर को होंगे घोषित

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को देश के पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चुनावी कार्यक्रम के मुताबिक मिजोरम में 7 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को वोटिंग कराई जाएगी। जबकि छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। इन पांचों राज्यों के नतीजो तीन दिसंबर को होने वाली मतगणना के बाद घोषित किये जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार दोपहर एक प्रेसवार्ता के दौरान इन पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित किया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इन चुनावों की तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की 90 सीटों के लिए दो चरणों 7 और 17 नवंबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। बाकी राज्यों में एक चरण में ही मतदान होगा। यानी मध्य प्रदेश की 230 सीटों पर 17 नवंबर, राजस्थान की 200 सीटों पर 23 नवंबर, तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों के लिए 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। जबकि मिजोरम की 40 सीटों पर 7 नवंबर को मतदान होगा। इन सभी पांचों राज्यों के चुनावी नतीजे तीन दिसंबर 2023 घोषित किये जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने यह भी जानकारी दी कि इन पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटों के लिए कुल 16.14 करोड़ मतदाता वोटिंग करेंगे, जिनमें 60.2 लाख युवा पहली बाद नए मतदाता के रुप में मतदान करेंगे। कुल मतदाताओं में 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। इन नए 60.2 लाख मतदाताओं की उम्र 18 से 19 साल के बीच है। वहीं 15.39 लाख वोटर ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और वे मतदाता बनने के लिए अग्रिम आवेदन कर चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ : नक्सलवाद में पहले चरण में मदान

छत्तीसगढ़ की कुल 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में सात नवंर को 20 सीटों पर मतदान होगा। जबकि 17 नवंबर को बाकी 70 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ में कुल मतदाताओं की संख्या 2,03,60,240 है, जिसमें से 01,01,20,830 पुरुष तथा 01,02,39,410 महिला मतदाता है। वहीं, थर्ड जेंडर की संख्या 790 है। प्रदेश में 2 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए है। इस बार प्रदेश में 18 लाख 68 हजार 636 नए मतदाता है। इनकी आयु 18 से 22 साल के बीच है। 18 लाख से अधिक मतदाता पहली बार वोट डालेंगे।



### मध्यप्रदेश में मतदाताओं का चक्रव्यूह

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है, जिसमें पिछले चुनावों के मुकाबले 17 लाख मतदाता बढ़ने के बाद प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 मतदाता हो गये हैं, जिनमें 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार 607 पुरुष, 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 महिला मतदाता तथा 1373 थर्ड जेंडर 1373 हैं। मध्य प्रदेश में 5,61,36,229 मतदाता दर्ज हैं। 18-19 साल की उम्र के पहली बार मतदान करने वाले 22,36,564 मतदाता हो गए हैं। वहीं एमपी में 80 और इससे ज्यादा आयु वाले मतदाताओं की संख्या 6,53,640 है, जिनमें 5124 मतदाता 100 साल की उम्र लांघ चुके हैं। प्रदेश में मतदाता अनुपात एक हजार पुरुषों पर 945 महिला मतदाता हैं।

### राजस्थान में सौ साल के मतदाता

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए जारी मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार प्रदेश में 5,26,80,545 मतदाता हैं, जिनमें से 2,73,58,627 पुरुष और 2,51,79, 422 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदाता सूची में 80 साल से अधिक आयु के 11.78 लाख मतदाता और 100 वर्ष से अधिक आयु के 17,241 मतदाता पंजीकृत हैं। 5.61 लाख विशेष योग्यजन मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।

### फिलहाल किसकी सरकार

इन पांचों राज्यों में फिलहाल मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। हालांकि पिछले चुनाव 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को बहुमत से दो कम 114 सीटें मिलीं थीं और सरकार बनाई थी। बाद में जोडतोड़ की राजनीति के चलते भाजपा सत्ता में आई गई थी। जबकि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में बीआरएस के के चन्द्रशेखर राव का शासन है, तो मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता चल रही है। इन राज्यों में 2018 के विधानसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में कराए गए थे उस समय पांचों राज्यों के चुनाव नतीजे एक साथ 11 दिसंबर को घोषित किये गये थे।

## न्यूज डायरी

### हरियाणा में तीन दिन तक 11 हजार सफाईकर्मी रहेंगे हड़ताल पर




**चंडीगढ़।** हरियाणा के गांवों में तीन दिन तक कूड़े का उठान नहीं हो सकेगा। इसका कारण बताया जा रहा है कि सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदेश के 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारी 10 अक्टूबर से तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल को सफल बनाने के लिए सीटू से संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा ने कमर कस ली है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।यूनियन के महासचिव विनोद कुमार ने कहा कि 20 अगस्त 2022, 9 सितंबर 2022, 26 दिसंबर 2022 तथा 28 जून 2023 को चार दौर की वार्ता पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली के साथ हो चुकी हैं। मंत्री ने हर बार समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक भी ग्रामीण सफाई कर्मियों की मांगों और समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। मजबूरी में सफाई कर्मचारियों को हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### चंद्रबाबू नायडू को मिला झटका, तीन जमानत याचिकाएं खारिज

**हैदाराबाद।** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से एक बार फिर पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को झटका लगा है। उनके द्वारा विभिन्न मामलों में दायर तीन जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार किया गया है। राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने उन्हें नौ सितंबर को सुबह करीब छह बजे ज्ञानपुरम में बस में सोते वक्त गिरफ्तार किया था। सीआईडी का दावा है कि नायडू के ही नेतृत्व में मुखौटा कंपनियों के जरिये सरकारी धन को निजी संस्थाओं में हस्तांतरित करने की साजिश रची गई।

### न्यूज क्लिक के संस्थापक और एचआर प्रमुख की याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली ।** यूएपीए मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की याचिकाओं पर दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्णय सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मामले में दिल्ली पुलिस व न्यूजक्लिक की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों को सुनने के बाद कहा कि अदालत अपना निर्णय सुनाएगी।स्पेशल सेल की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं और बैठे लोगों के बीच हुए ईमेल के आदान-प्रदान में गंभीर मामले सामने आए हैं।

### राम मंदिर में 8.5 फीट ऊंची होगी रामलला की अचल मूर्ति

**अयोध्या।** राममंदिर निर्माण के साथ रामलला की मूर्ति निर्माण का कार्य भी तेज कर दिया है। जानकारी के अनुसार राममंदिर में रामलला के दो विग्रह स्थापित किए जाएंगे। एक विग्रह की स्थापना चल मूर्ति के रूप में तो दूसरे विग्रह की स्थापना अचल मूर्ति के रूप में होगी। विराजमान रामलला चल मूर्ति के रूप में पूजित-प्रतिष्ठित होंगे जबकि अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। अचल मूर्ति की कुल ऊंचाई 8.5 फीट होगी। इसका निर्माण कार्य चल रहा है, उम्मीद की जा रही है कि यह कार्य इसी माह पूरा हो जाएगा।

## भाजपा ने की तीन राज्यों में 162 प्रत्याशियों की घोषणा

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 162 प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं। इनमें राजस्थान के 41, मध्य प्रदेश के 57 और छत्तीसगढ़ के 64 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार राजस्थान की यह पहली, मध्य प्रदेश की चौथी और छत्तीसगढ़ की दूसरी लिस्ट है। राजस्थान में 159, मध्य प्रदेश में 94 और छत्तीसगढ़ में 5 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान होना बाकी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बुधनी, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को दतिया से टिकट दिया है। इसके अलावा राजस्थान से पार्टी ने 7 सांसदों को टिकट दिया है। इनमें नरेंद्र कुमार को मंडावा से, किरोड़ीलाल मीणा को सवाई माधोपुर से, बाबा बालकनाथ को तिजारा से, भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ से, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को झोटवाड़ा से, दिया कुमारी को विद्याधर नगर से और देवजी पटेल को सांचौर से टिकट दिया है। अन्य में राजस्थान की सूची इस प्रकार है गंगानगर से जयदरप बिहाणी, भादारा से संजीव बैनीवाल, डूंगरगढ़ से ताराचंद सारस्वत, सुजानगढ़ (अजा)से संतोष मेघवाल, झुंझनूं से बबलू चौधरी, नवलगढ़ से विक्रम सिंह जाखल। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने दूसरी लिस्ट में 64 प्रत्याशियों की घोषणा की है। सांसद और केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह भरतपुर-सोनहत सीट से, गोमती साय पत्थलगांव से और बिलासपुर से सांसद और प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव लोरमी सीट से चुनाव लड़ेंगे।




### राजस्थान से पार्टी ने 7 सांसदों को टिकट दिया तिजारा की सीट से महंत बाबा बालकनाथ को उतारा गया

## सीएम मनोहर लाल ने 1645 करोड़ के कार्यों को दी मंजूरी

### गांवों में इंटरनेट, 36 सीवरेज सफाई मशीनें खरीदी जाएंगी

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति , हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी और विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक में रखे गए 20 एजेंडों को मंजूरी दी गई। उन्होंने 1645 करोड़ रुपए से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 29 करोड़ रुपए की बचत की गई है। बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित थे। बैठक में हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा ओल्ड पुलिस लाईन, हिसार में 48 टाईप-।। तथा 24 टाईप-।।। तीन मंजिला मकान बनाने को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने, 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर की खरीद, शुगरफेड के लिए पीपी बैग, भारतनेट परियोजना के तहत गांवों में फाइबर इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए भी कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी गई। साथ ही, 2 हजार लीटर क्षमता की 36 सीवरेज सफाई मशीनों की खरीद को मंजूरी दी गई। इससे छोटी गलियों में जाकर सीवरेज की सफाई सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर मंजूर किए गए कॉन्ट्रैक्ट में मुख्यतः हिसार-बालसमंद सड़क को 4 लेन बनाने, उचाना से लितानी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य, जिला रेवाड़ी में सैनिक स्कूल, गोठरा, टप्पाखोड़ी में आवासीय भवनों का निर्माण, जिला गुरुग्राम के जमालपुर गांव में सीवरेज सुविधाएं प्रदान करने, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व जलापूर्ति में सुधार तथा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, साहा अंबाला के सेक्टर- 1, 2 व 3 में सड़कों का सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल है।



### सीएम ने सभी 56 एजेंडों को दी मंजूरी

हाई पावर परचेज कमेटी की मीटिंग में सिंचाई, क्रिड, पुलिस, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड , उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शुगरफेड, विकास एवं पंचायत विभागों के 29 एजेंडे, डीएचपीपीसी में 7 एजेंडे तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी में सिंचाई, लोक निर्माण (भवन और सड़कें) सहित कुल 20 एजेंडे रखे गए और सभी एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई।

## वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की लगातार दूसरी जीत



**नीदरलैंड को 99 रन से हराया**

**हैदराबाद, एजेंसी।**

यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। कीवी टीम ने नीदरलैंड को 99 रन से हराया। इस जीत के बाद टीम 4 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप कायम है। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 7 विकेट पर 322 रन बनाए। जवाबी पारी में नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 223 रन पर ऑलआउट हो गई।कीवी टीम की ओर से मिचेल सैंटनर ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 5 विकेट चटकाए। सैंटनर ने रायन क्लाइन (8 रन), रूलोफ वान डर मेर्व (एक रन), कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (30 रन), कॉलिन एकरमैन (69 रन), मैक्स ओ डाउड (16 रन) के विकेट लिए।

### सैंटनर वर्ल्ड कप में 5 विकेट लेने वाले पहले कीवी स्पिनर बने


लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर ने नीदरलैंड के खिलाफ 59 रन देकर 5 विकेट लिए। वे वर्ल्ड कप में 5 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले ही स्पिनर बने। उनसे पहले डेनियल विटोरी ने 2007 में आयरलैंड और 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ 4-4 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजों में टिम साउदी के नाम इंग्लैंड के खिलाफ 33 रन देकर 7 विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

## कांग्रेस शासित राज्यों में जहां सरकार बनेगी वहां जातिगत जनगणना होगी : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राहुल गांधी ने कहा- जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां जातिगत गणना होगी। उन्होंने दावा कि कि छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना में हमारी सरकार आ रही है। हमारे पास जाति जनगणना का डेटा नहीं, सरकार अगर उस डेटा को रिलीज नहीं करती है तो जब हमारी सरकार आएगी, तब हम उसे रिलीज करेंगे। वह कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस देश में किसकी कितनी आबादी है। सवाल यह है कि देश का जो धन है क्या वो इन लोगों के हाथ में है या नहीं। देश के संस्थानों में आदिवासी, ओबीसी, दलित कितने हैं? यही सवाल है। हिंदुस्तान के संस्थानों में कितने हैं। यही हम पूछ रहे हैं। प्रधानमंत्री कह रहे हैं आप देश को तोड़ना चाहते हैं, इस पर आप क्या कहेंगे? इससे पहले मीटिंग में सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान खड़गे ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं में सही हिस्सेदारी के लिए समाज के कमजोर वर्गों की स्थिति पर सामाजिक-आर्थिक डेटा होना जरूरी है। कांग्रेस लगातार देशव्यापी जातीय जनगणना की मांग उठा रही है, लेकिन इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी चुप है। बता दें कि इससे पहले 16 सितंबर को हैदराबाद में कमेटी की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी शामिल हुए थे। मीटिंग में पेश प्रस्ताव में कहा गया था कि केंद्र सरकार राजनीतिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है। इसमें दावा किया गया था कि भाजपा देश के संवैधानिक और संघीय ढांचे के लिए चुनौती है।

### छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया



## सुदेश कटारिया बने चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर

**चंडीगढ़, भरोसा मित्र।** हरियाणा सरकार ने भाजपा के प्रवक्ता सुदेश कटारिया को चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी में महासचिव के पद की जिम्मेदारी देख रहे रमनीक मान के इस्तीफे के बाद यह पद खाली चल रहा था। सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी वी उमाशंकर की ओर से उनकी नियुक्ति के ऑर्डर जारी किए गए हैं।बता दें कि सुदेश कटारिया कांग्रेस से भाजपा में आए हैं। कटारिया ने 2014 में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके बाद से यह लगातार बीजेपी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं।



## इजराइल सेना को दिया पूरी गाजा पट्टी पर कब्जा करने का आदेश

**तेल अवीव, एजेंसी।**

इजराइल सेना को पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे के आदेश दिए हैं। इजराइल ने 1 लाख सैनिकों को गाजा बॉर्डर पर तैनात किया है। साथ ही 3 लाख सैनिकों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अधिकारियों को गाजा पट्टी में खाना, पानी, बिजली और फ्यूल की सप्लाई बंद करने के भी आदेश दिए हैं। इजरायली इलाकों में सुरक्षाकर्मियों और आतंकियों के बीच संघर्ष जारी है। हमास के नियंत्रण वाले गाजा में इजरायली वायुसेना के ताबड़तोड़ हमले किए हैं। युद्ध की घोषणा के बाद से इजरायली विमानों ने गाजा पट्टी के 426 ठिकानों को निशाना बनाया है। अभी तक के युद्ध में करीब 700 इजरायली लोगों की मौत हुई है। सेना ने बॉर्डर के इजराइली इलाकों को हमास के लड़ाकों से छुड़ा लिया है। हालांकि, फिलिस्तीन की तरफ से अभी भी लड़ाके इजराइल में घुस रहे हैं। दूसरी तरफ, हमास ने दावा किया है कि इजराइल की तरफ से किए गए हमलों में 4 इजराइलियों की भी मौत हुई है। ये हमास की कैद में थे।



### युद्ध में करीब 700 इजरायली लोगों की मौत हुई

### अमेरिका को हिजबुल्लाह की धमकी

लेबनान के संगठन हिजबुल्लाह ने अमेरिका को धमकी दी है। उसने कहा कि अमेरिका ने अगर सीधे तौर पर जंग में दखल दिया तो वो मिडिल ईस्ट अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर देंगे। फिलिस्तीन यूक्रेन नहीं है। अमेरिका ने इजराइल को मिलिट्री सपोर्ट देने की बात कही है। उसके डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि मदद के लिए हमारे जहाज और लड़ाकू विमान इजराइल की तरफ बढ़ रहे हैं। हमने जेराल्ड आर फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) को अलर्ट कर दिया है।

**मुलाकात** | हरियाणा में कांग्रेस संगठन का विवाद खरगे तक पहुंचा

## प्रदेश प्रभारी ने संभवित जिलाध्यक्षों के नाम अध्यक्ष को सौंपे

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने सोमवार को नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। इससे पहले उनकी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल के साथ भी मुलाकात हुई। बाबरिया ने हरियाणा में संगठन के गठन को लेकर दोनों नेताओं से बातचीत की। जिलाध्यक्ष चयन की प्रकिया वे काफी समय से शुरू किए हुए हैं। पहले उनकी शनिवार को मुलाकात होनी थी, लेकिन किसी वजह से वे मिल नहीं सके। सूत्रों का कहना है कि मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करके उन्होंने हरियाणा से जुड़ी पूरी रिपोर्ट दे दी है। प्रदेश में नेताओं के बीच चल रही गुटबाजी को लेकर भी उन्होंने अपनी रिपोर्ट दी है। माना जा रहा है कि बाबरिया ने कार्डिनेटरों की रिपोर्ट के आधार पर संभावित जिलाध्यक्षों के नामों की सूची खरगे को सौंप दी है। अब कांग्रेस हाईकमान इस सूची के आधार पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर सकता है। जिलाध्यक्ष चयन में सबसे बड़ा रोड़ा गुटबाजी ही बनी हुई है। हुड्डा गुट जहां अपनी पसंद के नेताओं को जिलाध्यक्ष बनवाना चाहता है, वहीं एंटी हुड्डा खेमे के एसआरके ग्रुप यानी कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला और किरण चौधरी हिसार, सिरसा, अंबाला, भिवानी-महेंद्रगढ़ व कुरुक्षेत्र पार्लियामेंट के अंतर्गत आने वाले जिलों पर दावा ठोक रहे हैं। इनके अलावा भी जींद सहित दूसरे जिलों में भी ये नेता अपनी पसंद के प्रधान बनवाना चाहते हैं।





### जिलाध्यक्ष चयन में सबसे बड़ा रोड़ा गुटबाजी, सूची के आधार पर प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक करेगा हाईकमान

### कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं, सब पार्टी को मजबूत करने में जुटे : उदयभान

**कैथल।** हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कि आज हरियाणा प्रदेश में गठबंधन सरकार जनविरोधी नीतियों पर काम कर रही है। आज प्रदेश का कोई वर्ग नहीं बचा जो गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों का शिकार न हुआ हो। आज प्रदेश के जनप्रतिनिधि से लेकर जनता का शोषण करने में गठबंधन सरकार अग्रणी पंक्ति में नजर आ रही है। कांग्रेस की गुटबाजी पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है, सभी कांग्रेसी नेता कांग्रेसी विचारधारा को मजबूत करने के लिए अपने स्तर पर काम कर रहे हैं। जिस प्रकार से आज बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ता अपराध, बढ़ती महंगाई से दुखी हरियाणा की जनता भविष्य में कांग्रेस की सरकार बनाने का फैसला कर चुकी है। जिसका सबूत प्रदेश में हो रहे कांग्रेस के कार्यक्रमों में उमड़ा हुआ जनसलब दिखाई दे रहा है। वह आज कैथल में कोयल टूरिज्म कॉम्पेलक्स में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शोरेवाला सहित अन्य नेताओं ने बुके देकर उनका स्वागत किया।



### गुरुग्राम के डीसी बोले, रहने लायक नहीं

## चिंटेल पैराडिसो के टावर एच को खाली कराओ : निशांत कुमार

### दिल्ली स्थित आईआईटी द्वारा जारी स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट ने इसे बताया असुरक्षित

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने चिंटेल पैराडिसो के टावर-एच को खाली कराने के आदेश जारी किए हैं। बता दें कि दिल्ली स्थित आईआईटी द्वारा जारी स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट में इस टावर एच को इंसानों के रहने के लिए असुरक्षित बताया गया है। इसके बाद जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के साथ-साथ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए टावर एच में रहने वाले निवासियों को अगले 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने इस कार्य के लिए डीटीपी (ई) को नोडल अधिकारी एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ आईपीसी की धारा 188 व आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 से 60 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## खबर फटाफट

### जाम के लिए स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया

**सोहनाः** युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूरज खटाना दमदमिया का कहना है कि शिवनगरी सोहना के बाजारों में जगह-जगह अतिक्रमण और भारी वाहनों के आवागमन के चलते जाम के हालात नजर आ रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि सर्कल एसडीएम के बाजार को जाम मुक्त बनाने के दिए गए निर्देश नगरपरिषद अधिकारियों की लापरवाही के आगे बौने साबित हो रहे हैं। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

### गठबंधन सरकार पर जनता को परेशान करने का आरोप

**सोहना :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और पार्टी में पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप का कहना है कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार जनता को परेशान करने वाली सरकार बनकर रह गई है। ऐसा कोई विभाग नहीं है, जो जनता के लिए परेशानी का सबब न बना हो। बिजली निगम इस मामले में सबसे आगे है, जो पहले गलत बिल देकर उपभोक्ता को परेशान करता है फिर बिल ठीक करवाने के लिए कार्यालय के चक्कर लगवाते है और बाद में सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नगरपरिषद, नगरपालिका, नगरनिगम आदि में जनता की परेशानी केंद्र बनकर रह गए है। गांव घाटाअमीरपुर में आयोजित की गई पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच उन्होंने बताया कि कांग्रेस शासित राज्यों में निःशुल्क बिजली दी जा रही है जबकि हरियाणा में बिजली बिल के नाम पर गरीबों को परेशान किया जा रहा है। उन्हें गलत बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं।

### गांव खेड़ला में 11 को आएंगे लोकसभा सांसद स्वामी सुमेधानंद व जानी-मानी हस्तियां

**सोहना :** गांव खेड़ला स्थित वैदिक योग सन्यास आश्रम व श्रीकृष्ण सोमनाथ गौशाला के संचालक स्वामी विजयवेश आर्य और स्वामी मुक्तानंद आर्य के अनुसार आश्रम में सवा लाख गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष्य में बुधवार, 11 अक्टूबर को मुख्यातिथि रूप में राजस्थान के सीकर से लोकसभा सांसद स्वामी सुमेधानंद, उत्तरप्रदेश से विधायक स्वामी सोमवेश आर्य, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वामी यतिश्वरानंद आर्य और हरियाणा के पूर्वमंत्री बचन सिंह आर्य समेत आर्यजगत की जानी-मानी हस्तियां शिरकत करेंगी। संत चित्तेश्वरानंद सरस्वती के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस समारोह में सोहना क्षेत्र के साथ-साथ कई जिलों और प्रदेशों के आर्यजन शिरकत करेंगे। सोहना आर्यसमाज के मंत्री संजय आर्य नूनेहरिया की माने तो गांव खेड़ला स्थित वैदिक योग सन्यास आश्रम व श्रीकृष्ण सोमनाथ गौशाला में 11 अक्टूबर से शुरू होने वाला सवा लाख गायत्री महायज्ञ और 13वां विशाल सत्संग समारोह रविवार, 15 अक्टूबर तक चलेगा तथा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋषि लंगर में गांव बहल्पा के रहने वाले समाजसेवी किरणपाल खटाना का विशेष सहयोग रहेगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### शिव रामलीला कमेटी ने दिया न्यौता

**सोहनाः**स्थानीय श्री शिव रामलीला कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों ने चौधरी बहाल सिंह खटाना की अगुवाई में बाजार में दुकान-दुकान आकर दुकानदारों को शनिवार, 14 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली श्रीराम की लीलाओं में सपरिवार आने का न्यौता दिया।श्री शिव रामलीला कमेटी का कहना है कि इस बार रामलीला देखने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध अमल में लाए जाए रहे है। पुलिस का भी पूरा बंदोबस्त रहेगा। उन्होने बताया कि रामलीला को लेकर श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### भारतीय महिला कबड्डी टीम ने रचा इतिहासः बबीता यादव

**सोहना :** सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ व राष्ट्रचिंतक बलबीर गब्दा, पूर्व नगरपार्षद रेखा रावत और उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट चेयरपर्सन बबीता यादव ने देश का मान बढ़ाने वाली गुरुग्राम विश्वविद्यालय की छात्रा प्रियंका पिलानिया की उपकप्तानी में 19वें एशियाई खेलों में महिला कबड्डी टीम के गोल्ड मेडल जीतने पर क्षेत्र की तरफ से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात ये है कि इस बार भारत ने अपने 100वें मेडल जीतने के वादे को भी निभाया। सबने प्रियंका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रियंका का जल्द ही स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए संयम सबसे जरूरी होता है। हम एक फील्ड में कड़ी मेहनत कर अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

### भाजपा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह एकमात्र जनप्रिय नेता : राघव

**सोहनाः** आदर्श गांव भौंड़सी में रहने वाले ब्लाकसमिति के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश राघव का कहना है कि सोहना हलका से विधायक बनकर प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव रहे तथा मौजूदा वक्त में भाजपा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह एकमात्र सर्वजातीय जनप्रिय नेता हैं। उन्हें छत्तीस बिरादरी के लोग पसंद करते है। उनकी कथनी-करनी में तनिक भी अंतर नहीं है। राघव ने कहा कि धर्मवीर जो कह देते हैं उसे पूरा करने की क्षमता भी रखते हैं।

### आर्थिक आधार पर जनगणना हो

**सोहनाः** गांव खेड़ला में रहने वाले प्रमुख समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव का कहना है कि केन्द्र सरकार को देश में जातिगत जनगणना की बजाय आर्थिक आधार पर जनगणना कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में अमीर व गरीब 2 ही समाज है। जाति, वर्ग, क्षेत्र के आधार पर समाजों को आपस में बांटना राष्ट्रहित में नही है। आज जरूरत इस बात की है कि पूरे देश में जातिगत मतगणना की बजाय आर्थिक आधार पर मतगणना कराकर यह पता लगाया जाए कि पूरे देश में कितने प्रतिशत लोग गरीब है। आर्थिक आधार पर की गई मतगणना के आधार पर गरीबों के उत्थान, समृद्धि, उन्नति के लिए और नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कर अमीर-गरीब के बीच सदियों से चली आ रही खाई को पाटा जा सके।

### निर्माण कार्यों से उड़ रही धूल

**सोहनाः** यहां पर जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्य शहर की हवा को जहरीला बना रहे हैं। ना तो ग्रेप के नियमों की पालना हो रही है और ना ही एनजीटी के नियमों को ध्यान में रखा जा रहा है। पूरा दिन उडने वाली धूल से प्रदूषण का स्तर ज्यादा बढ़ रहा है। जहां भी निर्माण कार्य चल रहे है, वहां खुले में निर्माण सामग्री बिना ढके पड़ी है।

# डीवीएम एक्सप्रेस-वे के तीन किलोमीटर क्षेत्र में चोरों की मौज

## सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बाद भी नहीं थम रही चोरी की वारदातें

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे यानि डीवीएम पर जगह-जगह तीसरी आंख रुपी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के बावजूद सामान चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर अब इस एक्सप्रेस-वे पर बिजली की आपूर्ति के लिए लगाए गए एल्युमीनिम के तारों को चोरी कर ले गए हैं। चोरी हुए तारों की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

लोग यह नहीं समझ पा रहे है कि जब यहां पर जगह-जगह निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है, तब भी चोर आसानी से किस तरह सामान चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं? इस वारदात का खुलासा उस वक्त हुआ, जब दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर मेटीनेंस देखरेख करने वाली कंपनी की तरफ से एक अधिकारी एबी सिंह ने रोजकामेव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई कि चोर एक्सप्रेस-वे के किनारे लगे करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन के एल्युमीनियम तारों को काटकर चोरी कर ले गए है।



पहले भी वक्त-वक्त पर यह सामने आता रहा है कि दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ब्रिज में नीचे बैरिंग में लगे भारी भरकम नट-बोल्ट को चोर निगाह बचाकर मौका हाथ लगते ही किसी भी वक्त खोलकर ले जा रहे हैं। खास बात यह है कि लोहे वाले इन नटों पर वेल्डिंग भी की गई है, लेकिन इसके बावजूद भी चोर इन नट-बोल्ट को खोल ले जा रहे हैं। जाहिर है कि यहां पर बरती जा रही अनदेखी और इस तरह की लापरवाही से ऐसे में यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे का मेंटिनेंस कर रही कंपनी के अधिकारियों की मानें तो नट-बोल्ट खोले जाने की घटनाएं गांव हिलालपुर से बल्लबगढ़ के बीच बने तीन किलोमीटर के फ्लाईओवर के नीचे हो रही हैं।

अजय विक्रम सिंह ने बताया कि तुरंत नए बोल्ट लगवाए गए हैं। इन बोल्ट को समय-समय पर चेक भी किया जा रहा है। जहां नट बोल्ट गायब मिलते है वहां उनको तुरंत लगवाया जा रहा है। नट बोल्ट चोरी होने की जानकारी पुलिस को वक्त-वक्त पर दी गई है लेकिन अभी तक वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पकड़ में आना तो दूर पहचान में भी नहीं आए है। देखने वाली बात ये है कि इस बार चोरों ने दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी कैमरे बौने साबित हो रहे हैं।

### कब शुरू किया गया यह एक्सप्रेस वे

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के सोहना-दौसा-लालसोत खंड को इस साल 15 फरवरी को सोहना के गांव अलीपुर से वाहनों की आवाजाही के लिए खोला गया था। इस एक्सप्रेस-वे के खोले जाने से पूर्व दिल्ली से जयपुर जाने में 4 घंटे से अधिक समय लगता था जबकि अब जयपुर तक एक्सप्रेस वे पहुंचने में अब करीब ढाई घंटे का समय ही लगता है। जागरूक लोगों का कहना है कि चाहे दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे बनने से समय व ईंधन दोनों की बचत हो रही है लेकिन यह भी सच्चाई है कि मौजूदा वक्त में इस एक्सप्रेस-वे पर यातायात नियमों का पालन नही होने से खतरा बढ़ गया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

एप्को इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के एचआर मैनेजर अजय विक्रम सिंह ने बताया कि फ्लाईओवर के नीचे बैरिंग लगे होते है। बैरिंग में नट-बोल्ट लगे है। इनके निकाले जाने पर बैरिंग के डिसबैलेंस होकर ब्रिज पलटने का खतरा रहता है। बैरिंग पर काफी लोड होता है। काफी जगह जांच के दौरान नट-बोल्ट खुले मिल चुके है। कई जगह ऐसी मिली जहां छह बोल्ट थे, वहां चार बोल्ट को खोलकर चोर चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि हैरानी भरी बात ये है कि इन नट बोल्ट पर कंपनी ने वेल्डिंग भी की हुई है। इस पर चोर निगाह बचाकर इन नट-बोल्टों की चोरी करने और लोगों की जान को जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। एक बोल्ट का वजन करीब पांच किलो का होता है और सभी का साइज एक ही रहता है और बाजार में यह नट-बोल्ट चोरी-छिपे काफी महंगा बिकता है। शायद इसी वजह से चोर निगाह बचाकर इन नट-बोल्टों को चोरी कर लोगों की जान खतरे में डालने का काम कर रहे हैं।

# रिहायशी इलाकों में चोरी-छिपे अवैध रूप से बनाए गए पटाखा गोदाम

**किसी भी अप्रिय हादसे से निपटने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है, यहीं से दुकानदारों से पटाखे खरीदकर बेचने के लिए गांवों में ले जा रहे हैं**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र



**सोहना।** शिवनगरी सोहना के कई रिहायशी क्षेत्र बारूद के ढेर पर है। बीते वर्ष गांव नखडोला के एक मकान में अवैध रूप से पटाखे बनाने वाले गोदाम में आग लगने पर बने हादसे के बावजूद यहां पर प्रशासन उस हादसे से सबक लेने की बजाय अभी भी कुंभकर्णी नींद में सोया नजर आ रहा है। दीवाली पर मोटी कमाई करने के चक्कर में पटाखे बेचने वाले व्यापारियों ने काफी समय पहले ही लाखों रुपए के पटाखों की खरीद कर खरीदे गए पटाखों को रिहायशी इलाकों में चोरी-छिपे अवैध रूप से बनाए गए अपने गोदामों में छुपाया हुआ है और उससे भी बड़ी बात ये है कि इन गोदामों में आग अथवा किसी भी अप्रिय हादसे से निपटने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। भगवान ना करे, कोई अनहोनी या हादसा बन जाए तो आग लगने या धमाका होने पर जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। गांव-देहात में दुकान चलाने वाले व्यापारी चोरी-छिपे इन्ही दुकानदारों से पटाखे खरीदकर बेचने के लिए गांवों में ले जा रहे है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

अग्निशमन विभाग में उपनिर्देशक (तकनीकी) गुलशन कालड़ा की माने तो शिवनगरी सोहना समेत पूरे मिलेनियमसिटी गुरूग्राम जिले में पटाखों पर प्रतिबंध लगा हुआ है। विभाग की तरफ से किसी भी पटाखा कारोबारी को गोदाम के लिए फायर एनओसी नही दी गई है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से इन पटाखा गोदामों की पहचान के लिए अग्निशमन विभाग जल्द ही पुलिस प्रशासन को साथ लेकर संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाएगा। पटाखों का भंडारण करना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। देखा जाए तो कानून के तहत प्रतिबंध लगने के बाद पटाखा बिक्री के लिए कोई लाइसेंस नही दिए जा रहे। हालांकि पटाखों को बेचने के लिए प्रशासन से लिखित में अनुमति लेकर अस्थाई लाइसेंस लेना होता है लेकिन उसके लिए भी कायदे-कानून और जरूरी शर्तें है। जिन शर्तों की पालना करना बहुत जरूरी है।

# डीएपी खाद के लिए मारे-मारे फिर रहे हैं किसान

**इससे सरसों की बुवाई हो रही प्रभावित**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** किसानों को सरकारी एजेंसी पर डीएपी खाद ना मिलने से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर सरकारी खाद केंद्रों व निजी दुकानों पर डीएपी खाद ना होने से किसान मारे-मारे फिर रहे है। डीएपी खाद ना मिलने से इस बार किसानों की सरसों की बुवाई प्रभावित हो रही है और बिजाई की जाने वाली सरसो को लेकर डीएपी ना मिलने से किसान काफी चिंतित है।

उनका कहना है कि उन्होंने सरसो की बिजाई के लिए खेत तैयार कर रखे हैं, लेकिन डीएपी खाद ना मिलने से भूमि की नमी गायब होने की आशंका बन गई है।

गौरतलब यह है कि किसानों के दर-दर भटकने और सुबह से शाम तक सरकारी एजेंसी वाले खाद बिक्री केंद्रों पर चक्कर काटने के बावजूद कृषि विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

डीएपी खाद के लिए भटक रहे गांव रायसीना के मोनी यादव, विनय यादव, कृष्णपाल, प्रेमपाल, मास्टर जगदीश चंद्र, दिनेश लांबा, भगवान सिंह यादव बालूदिया, प्रिंस लांबा, गांधी, टाबरिया, नीरज बामडिया, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी, रायपुर गांव के विजय डागर, सोहना गांव के सुंदर सिंह राजपूत, रामकिशन गुर्जर आदि किसानों का कहना है कि उन्हे सरसो की बिजाई के लिए खाद की जरूरत है। ऐसे में उन्हे ढूंढने पर भी सरकारी एजेंसी पर डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि अभी से यहां खाद की इतनी किल्लत है तो बाद में क्या होगा। किसानों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में जमीन का जलस्तर शनैः शनैः निरंतर नीचे जा रहा है। सरसो की फसल के लिए पानी की बहुत जरूरत होती है। इसके बाद खाद की लेकिन इस बार ढूंढ़े से भी खाद नहीं मिल रही है।

### जयप्रकाश नारायण के जीवन से प्रेरणा लें: कौशिक

**सोहना :** ाहर में दौहला रोड़ स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में सोमवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि पद से विद्यालय प्रबंधन समिति के मोहनप्रकाश कौशिक ने कहा कि हमें लोक नारायाण के जीवन से प्रेरणा लेन चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर, 1902 को बलिया और छपरा की प्रांतीय सीमाओं का निर्धारण करने वाली गंगा के कटाव पर स्थित गांव सिताब दियारा में जन्मे इस महान क्रांतिकारी, दूरदर्शी व नवम्बर 1951 में पटना में किसान मार्च का नेतृत्त्व करने, आपातकाल के घोर विरोधी और चंबल के खूखांर डाकुओं के हृदय परिवर्तन का हैरतअंगेज और आश्चर्यजनक कार्य कर डाकुओं को आत्मसमर्पण के लिये तैयार कर देश की मुख्यधारा से जोड़ा।

# संत-महात्माओं का लिया आशीर्वाद

**महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म के महत्व से अवगत कराया और सबको समाज और धर्म के प्रति कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** आदर्श गांव भौंड़सी में चित्रकूट धाम से जगतप्रकाश त्यागी महाराज की अगुवाई में आए संत-महात्माओं से आज ग्रामीणों ने आशीर्वाद लिया।

भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव के विशेष आमंत्रण पर चित्रकूट धाम से यहां पहुंचे जगतप्रकाश त्यागी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म के महत्व से अवगत कराया और सबको समाज और धर्म के प्रति कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा



साधु-संतों, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी होती है। इसके मार्ग का पालन करने में ही समाज और राष्ट्र की भलाई होती है।

इस मौके पर भाजपा के भौंडसी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव ने अपने परिवार के साथ अपने आवास पर चित्रकूट धाम से आए जगतप्रकाश त्यागी महाराज की अगुवाई में संत-महात्माओं का आशीर्वाद लेकर हवन में आहूति डालते हुए संत-महात्माओं को अपनी सामर्थ्यनुसार दान-दक्षिणा देकर सम्मान दिया।

इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, मंडल महामंत्री देवेन्द्र प्रधान उल्लावास, ब्लाकसमिति के उपचेयरमैन रहे राजेश राघव, शिक्षाविद श्याम राघव, दीपक गुप्ता, जजपा के राज्य प्रवक्ता यशबीर राघव, पंडित छाजूराम, पंडित अमरकिशोर शर्मा, भौंड़सी गांव के नंबरदार भागीरथ राघव और भौंड़सी ग्रामसभा सदस्यों के साथ-साथ आसपास लगते विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुओं ने शिरकत की और चित्रकूट धाम से जगतप्रकाश त्यागी महाराज की अगुवाई में आए संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बन रहा आत्मनिर्भर : जगदीश

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** गांव बैरमपुर में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और भाजपा खेल प्रकोष्ठ के राज्य संयोजक जगदीश अंबावता का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों में देश में अर्थव्यवस्था व सुरक्षा मजबूत हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज के गरीबों का सामाजिक व आर्थिक उत्थान हो, इसके लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है। गरीबों के सिर पर छत, बिजली-पानी, बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई है। मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। दलितों, पिछड़ों, किसानों समेत सभी वर्गों के लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। देश में जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के सभी वर्गों का चहुंमुखी विकास हुआ है। वर्ष-2014 में नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब देश भ्रष्ट व्यवस्था की मार सह रहा था। उन्होंने देश को भ्रष्टाचार के अभिशाप से मुक्त कराने का अभियान चलाया, जो निरंतर चल रहा है। इसके सुखद परिणाम का जनता को एहसास हो रहा है। ने महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा दिलाई, वही उनके आर्थिक स्वावलंबन के लिए कई योजनाएं लागू की।

# नयागांव में 5 अवैध कॉलोनियां को किया नियमित

**पूर्व सरपंच ने इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को जल्द बुनियादी सुविधाएं मिलने की उम्मीद जताई**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** भौंड़सी क्षेत्र के नयागांव ग्रामपंचात के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा राज्य में 306 अवैध कॉलोनियों को वैध करने वाली दी गई सौगात का स्वागत किया है।

उन्होंने इसे जनहित में उठाया गया दूरदर्शी फैसला बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने नयागांव क्षेत्र की 5 अवैध कॉलोनियों में श्यामकुंज, वाटिकाकुंज, रेयान इंकलेव, भूपसिंहनगर और सरस्वती इंकलेव को नियमित किया है। बताया कि करीब 25 अवैध कॉलोनियां अभी भी ऐसी हैं, जो नियमित नहीं की गई हां। उन्होंने भरोसा जताया कि मुख्यमंत्री गौवर्धनकुंज, मोहननगर इंकलेव, पार्ट वन, सी सोलह, डिफेंस कॉलोनी, देव फार्महाउस कॉलोनी, निर्मल इंकलेव एक्सटेंशन, श्रीराम इंकलेव, सी-19, सी-38, स्नेहविहार कॉलोनी, भवानी इंकलेव, शांतिकुंज कॉलोनी, निर्मला इंकलेव, श्रीराम कॉलोनी, कृष्णाकुंज, एकता इंकलेव, वाटिकाकुंज, पार्ट-2, मारूतिकुंज कॉलोनी, एक्सटेंशन, मयूर इंकलेव, बेनाम कॉलोनी, देवेशनगर, ओमविहार एक्सटेंशन, मयूर इंकलेव, सूरतनगर आदि कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के अच्छे दिनों की शुरूआत होने वाली है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही इन कॉलोनियों के नियमित होने पर इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली-पानी, सीवरेज समेत जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार फैसला लेगी।

सुरज्ञान सिंह ने कहा कि नगरनिगम की तरफ से इन कॉलोनियों को नियमित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर स्थानीय निकाय विभाग को भेजा गया। नगरनिगम क्षेत्र के दायरे में आ रही इन कॉलोनियों के जल्द ही नियमित होने पर मोहर लग सकती है। उन्होंने बताया कि इन कॉलोनियों की जनसंख्या, क्षेत्रफल, सीवरेज, पेयजल की सुविधा के अलावा यह कॉलोनियां कितने वर्ष पहले अस्तित्व में आई, इन कॉलोनियों में आरडब्लयूए है या नहीं, सर्वे के दौरान इन सब बातों को ध्यान में रखकर इनकी रिपोर्ट तैयार कर निगम की तरफ से चंडीगढ़ स्थित नगरनिगम कमिश्नर यूएलबी डायरेक्टर और यूएलबी मंत्री को भेजे जाने पर मुख्यमंत्री ने यह फैसला लिया ताकि इन कॉलोनियों में सड़क़, सीवर, पेयजल आदि सुविधाएं मिलें।

# गेहूं व आटे के बढ़ते दामों को नियंत्रित करने की मांग

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्लावास का कहना है कि महंगाई की मार से हर आमजन परेशान होता दिखाई दे रहा है। दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाली जहां वस्तुओं के दामों में वृद्धि हुई है, वहीं खाद्य पदार्थ भी इससे अछूते नहीं रहे है।

उन्होंने सरकार से गेहूं व आटे के भाव को थामने की मांग करते हुए कहा कि इससे हर कोई परेशान है। जरूरतमंद परिवार व मध्यम श्रेणी के लोग इस बढ़ती महंगाई से परेशान है। हालाकि केन्द्र व प्रदेश सरकार महंगाई को नियंत्रित करने के दावे कर रही है, जो धरातल पर खोखले नजर आ रहे हैं।

अध्यक्ष अशोक उल्लावास का कहना है कि गेहूं के दाम दिनोंदिन आसमान छू रहे हैं, जिससे आटे के भावों में उछाल आ गया है। पेट भरने के लिए कर किसी को दोनों वक्त भोजन करना बहुत जरूरी है, लेकिन मंदे की मार, कामधंधे चौपट होने, बढ़ रही महंगाई और बेरोजगारी जनता को रुला रही है।

उन्होंने कहा कि होटल-ढाबों पर दाल-रोटी व अन्य सब्जियों के दामों में तेजी आई है लेकिन कोई देखने-सुनने वाला नही है। परिवारों को रसोई घर चलाना मुश्किल हो गया है। सरकार को महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर और युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अशोक उल्लावास ने कहा कि हालात ये है कि त्यौहारी सीजन में गेहूं के दाम और ज्यादा बढ़ गए है।

**तैयारियां** — इस बार दर्शकों को तीनों ही रामलीलाओं में कुछ नया बदलाव होने की उम्मीद

# रामलीला के लिए सजने लगे मंच,पूर्वाभ्यास में जुटे हैं कलाकार

**रामलीला मंचों पर रस्सी की बजाय ऑटोमैटिक पर्दे दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रहेंगे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।**शिवनगरी में 14 अक्टूबर से शुरू होने वाली श्रीराम की लीलाओं के मंचन के लिए जगह-जगह चल रहे पूर्वाभ्यास ने तेजी पकड़ ली है। विभिन्न रामलीला स्थलों पर रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही है। मंच सजाए जा रहे है तो रंगमंच कलाकार दिन-रात रामलीला के पूर्वाभ्यास में लगे हुए हैं।

माना जा रहा है कि यहां पर तीनों ही रामलीलाओं में कुछ नया बदलाव दर्शकों को नजर आएगा। रामलीला मंचों पर रस्सी की बजाय ऑटोमैटिक पर्दे दर्शकों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रहेंगे। रंगमंच कलाकारों के लिए कपड़े व आभूषण खरीदे जा रहे हैं। इस बार यहां हर रामलीला के मंचन पर रामलीला मंचन वाले मंच पर कुछ नए चेहरे भी देखने को मिल सकते है। दर्शकों में भी रामलीला देखने को लेकर अभी से उत्साह देखने को मिल रहा है। देखने में आ रहा है कि यहां पर रंगमंच संस्था श्रीराममंदिर रामलीला कमेटी से जुड़े रंगमंच कलाकार पंजाबी धर्मशाला सभागार में प्रतिदिन रात के वक्त पूर्वाभ्यास कर रहे है तो स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान में श्रीराम की लीला के मंचन के लिए वृंदावन धाम से विशेष कलाकार दल को आमंत्रित किया गया है, जो यहां आकर रामलीला मंचन से पहले पूर्वाभ्यास में जुटे है।

इसी तरह शहर की प्राचीन हनुमानबगीची में श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली रामलीला मंचन के लिए क्लब से जुड़े रंगमंच कलाकार प्रतिदिन रात के वक्त पूर्वाभ्यास कर रहे है। श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन विनीत रतड़ा ने बताया कि स्थानीय पंजाबी भवन धर्मशाला में रंगमंच संस्था रामलीला



कमेटी से जुड़े कलाकार प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक पूर्वाभ्यास कर रहे हैं। शहर के बच्चे और युवा व बुजुर्ग श्री सनातन धर्म राममंदिर रामलीला कमेटी के तत्वावधान में होने वाली रामलीला में जोरदार मंचन कर दर्शकों को बार-बार तालियां बजाने पर मजबूर कर देते हैं।

**बाहर से नहीं आता कोई कलाकार**

यहां बाहर से किराए पर कोई भी पात्र नहीं बुलाया जाता है। स्थानीय लोगों को रामलीला मंचन में कलाकार बनने से समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे लाने का बेहतरीन मौका मिल रहा है। खुशी की बात ये है कि शहर के बच्चे और युवा व बुजुर्ग श्री सनातन धर्म राममंदिर रामलीला कमेटी के तत्वावधान में होने वाली रामलीला में अपने दमदार अभिनय के बलबूते से कलाकार जोरदार मंचन करके दर्शकों को बार-बार तालियां बजाने पर मजबूर कर देते है।

### राजसी ठाठ-बाट से निकलेगी श्रीराम बारात

स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा श्रीराममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा तथा रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन विनीत रतड़ा का कहना है कि इस बार स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के तत्वावधान में इस बार श्रीराम बारात बुधवार, 18 अक्टूबर को निकाली जाएगी। श्रीराम बारात शहर में श्रीराममंदिर चौक से चलेगी और विभिन्न बाजार मार्गों से होते हुए बैंड-बाजे और राजसी ठाठ-बाठ के साथ बसअड्डा रोड़ स्थित पंजाबी धर्मशाला में पहुंचेगी। इस मौके पर वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष व बारातियों के लिए दावत के रूप में स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कराए जाएंगे। जिसका मैन्यु तैयार कर लिया गया है। श्रीराम बारात में शामिल होने के लिए बारातियों को न्यौता देने के लिए काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि पंजाबी धर्मशाला क्षेत्र को मिथिलापुरी बनाया गया है और श्रीराममंदिर चौक को अयोध्या नगरी बनाया गया है। श्रीराम बारात उस दिन शाम 4 बजे मिथिलापुरी से शुरू होकर पूरे शहर से निकलते हुए अयोध्या नगरी पहुंचेगी। शोभा यात्रा का स्वागत करने के लिए व्यापारी समुदाय ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी है। अभी से श्रीराम बारात को लेकर बारात व चढ़त को लेकर असली बारात जैसी तैयारियां हो रही है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा श्रीराममंदिर के प्रधान लवली जुनेजा तथा रामलीला कमेटी के प्रोजेक्ट चेयरमैन विनीत रतड़ा ने बताया कि यहां पर श्री सनातनधर्म रामलीला कमेटी के तत्वाधान में रामलीला मंचन के लिए रात्रि में रिहर्सल नियमित रूप से चल रही है। रामलीला मंचन से पूर्व आयोजित की जा रही रिहर्सल में शामिल होने वाले रंगमंच कलाकार रिहर्सल कर रहे हैं।

## खबर फटाफट

### 2 महाविद्यालयों ने संयुक्त रुप से किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सिधरावली और राजकीय महाविद्यालय द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. महाश्वेता ने किया। प्राचार्या छात्रों को रक्तदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। हर स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर हम किसी घायल या जरुरतमंद व्यक्ति की जिंदगी बचा सकते हैं। शिविर में डॉ कमल, डॉ सुनीता व डॉ प्रियंका तथा उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर मे प्राध्यापक डा. प्रवीण व डा. योगेश सहित 38 छात्रों ने रक्तदान किया। आयोजन को सफल डा. शालिनी यादव, डॉ योगेश सिंह, डा. फूल कुमार मलिक, मनीष लाल, अबिता यादव, डा अनुज, इंदु, सुनील कुमार, सुमन रानी, नीरज सिंह डा. विभा आदि मौजूद रहे।

### वाहनों से साईलेंसर चोरी करने वाले युवक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** वाहनों से साईलेंसर चोरी करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 जुलाई को एक व्यक्ति ने थाना मानेसर में शिकायत दी कि 4 जुलाई को आईएमटी मानेसर सैक्टर एक में उनके कार्यालय के सामने खडी 2 गाडि ों के साइलेंसर किसी अज्ञात ने चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर 2 आरोपियों शकील व मुनफैद को नूंह स्थित मेडिकल कॉलेज के निकट से काबू कर लिया।

### पुलिस ने अलग-अलग मामलों में युवकों को किया काबू

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने अलग-अलग मामलों में युवकों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक युवक ने शिकायत दी कि गांव कन्हई स्थित किराए के कमरे से उसके व उसके साथ रहने वाले साथियों के मोबाईल फोन किसी अज्ञात ने चोरी कर लिए हैं। थाना सैक्टर 40 ने मामला दर्ज कर आरोपी सचिन को काबू कर लिया और 3 फोन भी बरामद किए हैं। वहीं दूसरी ओर अपराध शाखा सैक्टर- 39 द्वारा विकास को धर्म कॉलोनी पालम विहार से अवैध शराब सहित काबू किया गया। आरोपी युवक के कब्जे से 7 पेटी अवैध बियर बरामद करने पर थाना पालम विहार में मामला दर्ज किया गया है।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा जारी

**गुरुग्राम।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा को मानेसर नगर निगम क्षेत्र में आमजन का भरपूर योगदान मिल रहा है। आमजन हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं। अमृत कलश यात्रा की शुरुआत 3 अक्टूबर से हुई। इस दिन से ही मानेसर नगर निगम के विभिन्न गांवों में यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को यह यात्रा निगम के गांव ढाणा के शहीद पार्क में आयोजित की गई। इस यात्रा में शामिल होने वाले आमजनों ने अपने घरों से मिट्टी व चावल लाकर अमृत कलश में एकत्रित किए। भारत माता की जय,वंदे मातरम के नारों के साथ यात्रा निकाली गई। मंगलवार को यह यात्रा गांव मानेसर के तिरंगा पार्क में आयोजित की जाएगी। 13 अक्टूबर को यात्रा का समापन मानेसर के शहीद पार्क में होगा।

### अपराधों के प्रति पुलिस ने आमजन को किया जागरुक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित कर साइबर क्राइम, महिला विरुद्ध अपराध,112 ऐप, दुर्गा शक्ति व विभिन्न अपराधों के बारे में लोगों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार डायल 112 महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष एप्लिकेशन बनाया गया था। इस विशेष ऐप के माध्यम से महिलाओं को इस ऐप पर उनकी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाइल नंबर, पता एक बार अपडेट करना होगा, ताकि महिलाओं की सुरक्षा करने में मदद की जा सके और किसी भी समय असुरक्षित स्थिति महसूस करने पर पुलिस के द्वारा महिलाओं की मदद जा सके। ऐप के बारे में अधिक जानकारी देने व अधिक से अधिक बच्चों/महिलाओं को इस ऐप से जोडने् के क्रम में महिला/निरक्षक आरती, प्रबंधक थाना महिला मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम व दुर्गा शक्ति की टीम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं और कंपनी के स्टॉफ व कर्मचारियों को साइबर क्राइम बारे, डायल 112 ऐप, दुर्गा शक्ति ऐप, महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों व साईबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## विधायक के साथ 196 सदस्यीय दल ने किया लोकसभा का दौरा

# पीएम ऐतिहासिक कार्यों का रिकार्ड बनाया : सिंगला

### बोले, करीब 100 साल बाद देश को नया संसद भवन मिला

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। विधायक सुधीर सिंगला के नेतृत्व में सोमवार को 196 सदस्यीय दल ने राजधानी दिल्ली में नई और पुरानी लोकसभा का दौरा करके वहां के बारे में गहन जानकारियां हासिल की। इस दल में विधायक के अलावा शिक्षक व विद्यार्थी भी शामिल रहे। सभी ने रुचि लेकर लोकसभा का बारीकी से निरीक्षण किया। विधायक सुधीर सिंगला ने संसद परिसर के भ्रमण के बाद कहा कि करीब 100 साल बाद देश को नया संसद भवन मिला है। यह नया भवन अगले 150 साल को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर काम ऐतिहासिक किया है। देश में इससे पहले किसी भी सरकार में ऐसे काम नहीं हुए, जिनसे देश में कई कुरीतियों का समापन हुआ हो। चाहे तीन तलाक खत्म करने की बात हो या फिर कश्मीर से धारा 370 खत्म करने की। पूरी सूझबूझ के साथ सरकार ने इन पर निर्णय लिया। सुप्रीमकोर्ट से राम मंदिर पर निर्णय हिन्दुओं के पक्ष में आने के बाद वहां भव्य राम मंदिर निर्माण कार्य शुरू करके देश में खुशी का माहौल बनाया। ये तीनों मुद्दे बहुत बड़े थे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब नया संसद भवन बनाकर पीएम मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया है। संसद के निर्माण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया था। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आज हम राम राज्य में रह रहे हैं। क्योंकि हमारे सामने ही भगवान श्री राम टैंट में से मंदिर में पहुंचने वाले हैं। उनका भव्य मंदिर तैयार हो रहा है। काम अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर विधायक के साथ बीडी शर्मा, अशोक यादव, आरपी सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, सुंदर सिंह, जगदीप सिंह, ज्ञान देवी, साक्षी तिवारी, जितेंद्र यादव, पूनम जखर, डॉ. अशोक कुमार, आरजू, मोहित चौहान व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## सोलर पंप के नियमविरुद्ध कार्य पर वापस जमा होगी अनुदान राशि : एडीसी

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। प्रदेश में किसानों की फसल की उत्पादन क्षमता बढाने व खेतीबाडी में लागत खर्च को कम करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा इन योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा सोलर पंप लगाने के लिए किसानों को पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों पर ज्यादा वित्तीय बोझ न पड़े और उन्हें पारंपरिक पम्पों से छुटकारा मिल सके। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विभाग को इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं कि कई किसानों ने अपने सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टमों को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है या निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर स्थापित कर उन्हें अन्य किसी कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है। एडीसी ने बताया कि जब पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने की स्वीकृति दी जाती है तो उस समय किसानों से यह लिखित रूप में लिया जाता है कि वे अपने यहां लगने वाले सोलर पंप को ना तो किसी अन्य व्यक्ति को बेचेंगे व ना ही उसे अन्य जगह शिफ्ट करेंगे। यदि वे ऐसा करेंगे तो सरकार उन्हें दी गई अनुदान राशि वापिस ले सकती है। एडीसी ने जिला के सब्सिडी प्राप्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे किसी भी नियमविरुद्ध कार्य करने से बचें व ना ही किसी के बहकावे में आये। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा समय समय पर मौके पर जाकर औचक निरीक्षण भी किया जाता है।

# ऑटो चालक के साथ लूटपाट करने वाले नाबालिग सहित 3 आरोपी गिरफ्तार



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम।ऑटो रिक्शा चालक से लूटपाट करने वाले नाबालिक सहित कुल 3 आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है, जिनके कब्जे से 3 मोबाइल व एक बाइक बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 अक्तूबर को एक ऑटो रिक्शा चालक ने थाना सैक्टर 56 में शिकायत दी कि जब वह सवारी छोडे र अपने घर जा रहा था तो रास्ते में राजेश पायलट चौक के नजदीक बाईक पर सवार होकर आए युवकों ने उसका ऑटो रिक्शा रुकवाकर उससे मोबाईल फोन व नगदी लूट लिए और बाईक्स पर सवार होकर चले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अपराध शाखा डीएलएफ फेज 4 ने कार्यवाही करते हुए नाबालिक सहित 3 आरोपियों संजय व अजीत को काबू कर लिया। दोनों आरोपियों को अदालत के सम्मुख पेश कर एक दिन के पुलिस हिरासत रिमाण्ड पर लिया गया। रिमाण्ड के दौरान आरोपियों द्वारा लूटे गए मोबाईल फोन सहित कुल 3 मोबाईल फोन व वारदात में प्रयोग की गई बाईक आरोपियों के कब्जे से बरामद की गई। दोनों आरोपियों को पुनः माननीय न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत के भेजा गया

### मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। आपसी रंजिश रखते हुए मारपीट करने की वारदात को अंजाम देने में मामले में पुलिस ने युवक को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 सितम्बर को जिले के फर्रुखनगर थाना में एक युवक ने शिकायत दी कि बीती रात को वह तथा उसका भाई गांव सिवाडी की ढाणी में उनके खेतों में बने कमरे में सो रहे थे। जहां पर एक गाड़ी में आए युवकों ने उसके तथा उसके भाई के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चंद्रहास को डाबोदा मोड के निकट से काबू कर लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि शिकायतकर्ता ने कुछ समय पहले उनके साथ झगड़ा किया था जिसकी रंजिश रखते हुए इसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उपरोक्त अभियोग की वारदात को अंजाम दिया।

### लूटपाट का एक और आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। केएमपी एक्सप्रेस वे पर लूट की वारदात में एक और आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक अक्तूबर को एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी जमालपुर में शिकायत दी कि बीती रात को केएमपी एक्सप्रेस-वे पर गोरखपुर टोल के नजदीक 2 बाईक्स पर सवार होकर आए 5-6 युवकों ने उससे उसकी बाईक व मोबाईल फोन लूट लिए हैं। थाना बिलासपुर ने मामला दर्ज कर आरोपी इंद्रजीत को झज्जर बाईपास रोड फर्रुखनगर से काबू कर लिया। पुलिस ने इससे पूर्व इसी मामले में 2 आरोपियों मोनू व सिल्लू को काबू कर लिया था। जिनके कब्जे से छीनी हुई बाईक, मोबाईल फोन व वारदात में प्रयोग की गई 2 बाईक्स भी बरामद की गई थी।

# श्रीमदभागवत ग्रंथ है एक कल्पवृक्ष के समान : साध्वी आत्मचेतना

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। राजीव नगर स्थित गुफा वाले शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है। कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ पर विराजित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी आत्म चेतना गिरि महाराज ने कहा कि यदि हम आध्यात्मिक जीवन में प्रगति करना चाहते हैं तो हमें विधि विधानों का पालन करना चाहिए और अपने विगत जीवन तथा इस वर्तमान जीवन की त्रुटियों को सुधारना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग सभी प्रकार के पाप कर्मों से मुक्त हो चुके हैं और अब पुण्य कर्मों में लगे हुए हैं वे ही ईश्वर को पूरी तरह से समझ सकते हैं। जो पाप कर्म करते हैं और शारीरिक सुविधाओं एवं लौकिक मैत्री, समाज तथा पारिवारिक स्नेह के प्रति अत्यधिक अनुरक्त रहते हैं उन्हें आध्यात्मिक अनुभूति नहीं हो पाती। अतः हमें अपने आगामी जीवन को सुधारने के लिए प्रभु में आसक्ति बनानी चाहिए। हमें चिंतन द्वारा अपनी व्याख्या नहीं करनी चाहिए। हमें महान आचार्य द्वारा दिए गए आदेशों को स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि यही वैदिक प्रणाली की प्रक्रिया है। महामंडलेश्वर बताया कि भगवान की सेवा के छह अंग हैं यानि कि नमस्कार ,स्तुति, समस्त कर्मों का समर्पण, सेवा पूजा, चरण कमलों का चिंतन और लीला कथा का श्रवण। इनका भी उन्होंने विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जैसे अग्नि में सोना तपने कंचन बन जाता है। उसके सारे दोष दूर हो जाते हैं और उसका स्वरूप निखर जाता है। वैसे ही भगवान की सेवा से जीव अपने अंतः करण का अज्ञान रूपी मल त्याग देता है और अपने असली स्वरूप में स्थित हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण एक कल्पवृक्ष के समान है। इसके सुनने मात्र से ही मनुष्य तमाम भव बंधनों से मुक्त हो जाता है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सतीजा का कहना है कि कथा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु व शहर के गणमान्य व्यक्ति भी बड़-चढे र भाग ले रहे हैं।

# मानेसर में लगाए गए रक्तदान शिविर में हुआ 44 यूनिट रक्तदान

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव एवं अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा के दिशा-निर्देशन तथा सचिव विकास कुमार के मार्गदर्शन में मानेसर स्थित जी सी राईबर काम्पैक्ट इंडिया में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 44 यूनिट रक्त दान हुआ। इस शिविर में कम्पनी से कर्मचारियों ने बढ़-चढकर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का संचालन सोसाइटी की तरफ से अतुल कुमार पराशर, श्यामा राजपूत, कविता सरकार द्वारा किया गया। सचिव विकास कुमार ने कहा कि रक्त दान के प्रति हमारे समाज में काफी जागरुकता आई है। रक्त दान शिविर लगाने के लिए लोग स्वयं आगे आ रहे हैं। निजी कंपनियों, संस्थानों में रक्त दान शिविर लगातार लगाए जा रहे हैं। इससे रक्त की कमी को लगातार किया जा रहा है। लोगों के द्वारा दिए गए रक्त का सदुपयोग हो, इसे लेकर भी जागरुकता किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम सबको रक्त के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। रक्त की एक-एक बूंद कीमती होती है। इसलिए किसी भी कीमत पर रक्त खराब या नष्ट नहीं होना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में कम्पनी से अभिनव खरे, नमन जैन, निकिता दूबे, अंजलि ठाकुर, मनीष गौतम, पुष्पिंदर, मीनाक्षी, उमेश, गरिमा, कुलवंत तथा गुरुग्राम सिविल अस्पताल ब्लड बैंक टीम ने अपना विशेष योगदान दिया।

# जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : डीसी

### कहा, अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उन्होंने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। डीसी ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।





### नागरिक अस्पतालों में लंबी लाइनों से बचने के लिए स्वस्थ हरियाणा एप का इस्तेमाल करें जिलेवासी

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के लिए आने वाले आमजन से भीड़भाड़ व लंबी लाईनों से बचने के लिए स्वस्थ हरियाणा एप का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। इस एप के माध्यम से मरीज प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। डीसी ने बताया कि यह एप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से अस्पताल में जाने से पहले मरीज घर बैठे अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे, जिससे अस्पतालों में लोगों की भीड का सुव्यस्थित तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। मरीज को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा, वह सीधा जाकर अपने डाक्टर के पास इलाज करवा सकता है।

## आस्था

### संत जीवन की हर परिस्थिति में समचित रहते हैं: सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज

# मानवता को सुंदर बनाती है आध्यात्मिकता

### जब कोई ईश्वर ज्ञान से प्रबुद्ध हो जाता है तो अंतर्मन की सभी नकारात्मकताएं समाप्त हो जाती हैं

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। आध्यात्मिकता व्यक्ति के आंतरिक स्वभाव में परिवर्तन लाती हैं, मन अंदर से सुंदर हो जाता है, जिससे मानवता प्रभावित हो जाती है और यही आध्यात्मिकता मानवता को सुंदर बनाती है। उक्त दिव्य वचन संत निरंकारी मिशन की अधिष्ठाता सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने सेक्टर 91 में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब कोई ईश्वर ज्ञान से प्रबुद्ध हो जाता है तो अंतर्मन की सभी नकारात्मकताएं समाप्त हो जाती हैं, जैसे प्रकाश अंधकार को स्वतः ही दूर कर देता है। ईश्वर शाश्वत, सर्वव्यापी है और इस सर्वव्यापी का दिव्य प्रकाश सदैव प्रकाशित रहता है। इस दिव्य प्रकाश से जुड़े संत किसी भी सांसारिक प्रभाव से प्रभावित नहीं होते। संत जीवन की हर परिस्थिति में समचित रहते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर सदैव हमारे साथ है और इस ईश्वर का ज्ञान किसी भी समय आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। सर्वशक्तिमान के साथ हमारा रिश्ता आत्मीय है और इस से जुड़े रहकर हम जीवन की आनंदमय स्थिति का अनुभव करते हैं। कार्यक्रम को संस्था के वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की संयोजक निर्मला मनचंदा व उनके सहयोगियों के प्रयासों से कार्यक्रम सफल रहा। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम, दिल्ली एनसीआर और आसपास से साधकों ने भी भाग लिया।

## एक से 13 अक्तुबर तक निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर निकाली जा रही है अमृत कलश यात्रा



**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। भारत सरकार के मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा का नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में नागरिकों द्वारा जोरदार स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम गुरूग्राम द्वारा निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा सैक्टर-10, सैक्टर-10ए, सैक्टर-9, सैक्टर-22, सैक्टर-23 व सैक्टर-23ए क्षेत्र में पहुंची। यहां की आरडब्ल्यूए, मार्केट एसोसिएशन तथा नागरिकों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया तथा अमृत कलश में मिट्टी व चावल डाले। नागरिकों ने भारत माता की जयकार के साथ यात्रा का स्वागत किया। आगामी दिनों में अमृत कलश यात्रा रेयान इंटरनेशनल स्कूल सैक्टर-31, सैक्टर-47, ग्लेरिया मार्केट, नई बस्ती, सैक्टर-15 पार्ट-1, सैक्टर-102, बजघेड़ा, नूरपुर सहित अन्य क्षेत्रों में जाएगी।

## खबर फटाफट

### 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता का आयोजनः सुधीर कुमार

**नूंह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगीना में 16 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगीना में 16 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन होगा। जिसमें गुड़गांव ,मानेसर , रोजका मेव, रेवाड़ी धारूहेड़ा, बावल की बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां भाग ले रही हैं। जिस भी किसी बच्चे ने आईटीआई की हुई है या डिप्लोमा किया हुआ है द्य तो वह सभी इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ 16 अक्टूबर 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नगीना में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में भाग ले सकते हैं।

### कुत्ते की लार में लासा वायरस पाया जाता है, जिससे रेबीज की बीमारी फैलती हैः दुष्यंत चौधरी

**तावडू।** शहर व क्षेत्र में बंदरों व कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। यह आये दिन किसी ने किसी व्यक्ति को अपना शिकार बना रहे है। प्रशासन जान कर अंजान बना हुआ है। हालांकि कुछ समय पहले शहर में बंदर पकडो अभियान चलाया गया। लेकिन अब लगभग 10 दिनों से बंदर पकडो अभियान की टीम कहीं नजर नहीं आ रही। जबकि बंदर व कुत्ते आए दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना लेते हैं। सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन न मिलने के कारण लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड रही हैं। वहीं दूसरी ओर डाक्टर दुष्यंत चौधरी ने लोगों को सावधानी बरतनी की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि रेबीज एक वायरल बीमारी है, जो कुत्ते, बिल्ली, बंदर समेत कई जानवरों के काटने से फैलती है। उन्होंने कहा कि अगर इनमें से कोई भी जानवर आपको काट ले तो तुरंत एंटी रेबीज वैक्सीन लगवानी चाहिए। इलाज में थोड़ी भी लापरवाही बरतने से व्यक्ति की मौत हो सकती है। जब कुत्ते-बिल्ली समेत अन्य जानवर इंसानों को काटते हैं तो रेबीज वायरस उनके भी शरीर में पहुंच जाता है। डाक्टर दुष्यंत ने कहा कि कुत्ते की लार में लासा वायरस पाया जाता है, जिससे रेबीज की बीमारी फैलती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में 24 घंटों के अंदर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवानी चाहिए। इन सभी जानवरों के काटने से यह जानलेवा बीमारी हो सकती है। इसलिए पालतू कुत्तों को भी इंजेक्शन लगवाने चाहिए।

### रचना ने ऑल इंडिया पुलिस बाक्सिंग में जीता सिल्वर

**मंडी अटेली।** गांव धनौंदा की रचना यादव ने हाल ही में ऑल इंडिया पुलिस बाक्सिंग गेम में सिल्वर जीत कर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रचना यादव पुलिस मुं उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। पंचकुला में 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित बाक्सिंग प्रतियोगिता में धनौंदा की रहने वाली रचना पुत्री परमानंद का शुरू से ही बाक्सिंग में रुचि है। इससे पहले रचना यादव इन्हीं खेलों में गोल्ड मैडल हासिल कर चुकी है। गांव में पहुंचने का ग्रामीण इंतजार कर रहे है। गांव में पहुंचने पर बेटी का जोरदार स्वागत किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि रचना उनके गांव के नाम को आगे बढ़ा रही है।

### शिक्षक-अभिभावक मीटिंग का हुआ आयोजन

कनीना। कनीना जनपद के गांव बागोत में स्थित फ्लोरेंस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बागोत में शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन हुआ इस मीटिंग में अभिभावकों ने काफी उत्साह दिखाया। अभिभावकों का सुबह 9 बजे से ही आने का सिलसिला शुरू हो गया था विद्यालय में बहुत ही अच्छे ढंग से अभिभावकों को शिक्षकों से मिलने की व्यवस्था की गई थी। विद्यालय में समय-समय पर अभिभावक व शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया जाता है। यह मीटिंग विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति कक्षा-कक्ष अवलोकन कार्य मूल्यांकन एवं उनकी शैक्षिक सफलता को आयाम देने के लिए की जाती है, यह मीटिंग 9 बजे से 1 बजे तक चली इसी कड़ी में विद्यालय में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया विद्यालय में कुछ समय पहले राष्ट्रीय शिक्षा समिति रजिस्टर्ड टोहाना द्वारा एक हिंदी व्याकरण परीक्षा का आयोजन किया गया था। विद्यालय के 33 विद्यार्थियों ने अव्वल स्थान हासिल किया, चार विद्यार्थियों ने हरियाणा स्तर की मेरिट हासिल की इन सभी प्रतिभागियों को सम्मान जनक पत्र, मेडल, ट्रॉफी दिए गए इन सभी प्रतिभागियों की गांव से आए हुए गणमान्य व्यक्तियों ने काफी प्रशंसा की इस अवसर पर बोलते हुए डायरेक्टर कैप्टन महेंद्र कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य है की सबसे पहले बच्चे में इंसानियत के गुण पैदा कैसे किए जाएं ,उन्होंने कहा कि हम 3 महीने में पीटीएम का आयोजन कर रहे हैं और कहा कि आप अपने बच्चों का होमवर्क समय-समय पर अवश्य करवाएं और कहा कि आप बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। मंच संचालन संतोष एवं खुशी ने किया ।इस अवसर पर गांव के गणमान्य जन अजीत सिंह साहब मुंशी साहब, सतवीर कोच रेलवे, संचालक बेगराज, डीपी लखीराम, प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, बाबू जसवंत सिंह कश्मीर सिंह, संजय सोनी, रामपत सैन एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सीएमओ ने किया उप नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण, कर्मचारियों को लगाई लताड़

कनीना। सिविल सर्ज रमेश चंद आर्य ने कनीना उप नागरिक का किया ओचक निरीक्षण इस दौरान सीएमओ ने अस्पताल में उपस्थित कर्मियों के बारे में जानकारी ली तथा उनकी बायोमेट्रिक अटेंडेंस चेक की साथ ही अस्पताल में एम्बुलेंस के बारे में तथा सफाई कर्मियों आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएमओ ने ओपीडी रूम का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने ओपीडी एवं रजिस्ट्रेशन काउंटर की भी जांच की वहां कमियां पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को सत्य सख्त निर्देश देते हुए कहा की काम में किसी प्रकार की कोताही ही बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। इमरजेंसी वार्ड में सफाई व्यवस्था व स्वस्थ इंस्ट्रूमेंट व्यवस्थित तरीके से न मिलने को लेकर उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों को लताड़ लगाई उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इमरजेंसी वार्ड में कोई मरीज आएगा तो उसे कैसे हैंडल करोगे इसके अलावा उन्होंने पीएन एम रूम का भी निरीक्षण किया तथा दवा स्टॉक के संबंध में भी जानकारी ली वही कर्मचारी के हाजिरी रजिस्टर भी चेक किया।

---

मेवात की विकासशील योजनाओं पर चल रहा है काम, जल्द मिलेगा उनका लाभः राव

# मेवात से मेरा पुराना नाताः राव इंद्रजीत

**भाजपा नेता चौ. जाहिद हुसैन के नेतृत्व में सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने दिया राव को समर्थन**

**मेवात के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सम्मान से गदगद नजर आए राव इंद्रजीत सिंह**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को मेवात से उनके निवास पर पहुंचे दर्जन भर गांवों के सरपंच और सम्मानित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेवात का उनसे पुराना लगाव रहा है और मेवात को विकास के मामलों में आगे बढ़ाने के लिए वो लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि मेवात के लोगों को यूनिवर्सिटी और नूंह से लेकर राजस्थान बॉर्डर तक सड़क को फोरलेन करने का काम पूरा करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और मेवात के लोगों को सभी सुविधाएं मिले उसके लिए वह उन सारी योजनाओं पर काम कर रहे हैं। आपको बता दें कि सोमवार को मेवात के दर्जनों गांवों के सरपंच, अध्यक्ष और अन्य जन प्रतिनिधि उनके दिल्ली निवास पर पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए उनका स्वागत व सम्मान किया और कहा कि मेवात के लिए जो आपने काम किए हैं उनके लिए मेवात की जनता आपकी आभारी है और सदैव आपके साथ रहेगी। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी जाहिद हुसैन की अध्यक्षता में मेवात के सरपंच जिला पार्षद, ब्लॉक समिति के चेयरपर्सन, पूर्व जिला पार्षद, पूर्व सरपंच, पूर्व अध्यक्ष सहित सैकड़ो लोगों ने राव इंद्रजीत सिंह के दिल्ली निवास पर पहुंचकर उन्हें मेवात की तरफ से पगड़ी, शॉल व गुलदस्ता भेंट कर आने वाले लोकसभा चुनाव में राव इंद्रजीत सिंह का तन मन धन से साथ देने का विश्वास दिलाया। जिले के लगभग 20 गावों के सरपंचों व जनप्रतिनिधियों के साथ आए साहिब कलाम वॉइस चेयरमैन पंचायत समिति पिनगवां ,मुमताज सरपंच पूर्व जिला पार्षद रिठट ,सनाह साकरस आदि ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह चाहे किसी भी पार्टी में रहे मेवात की जनता आपके साथ तन मन धन से साथ खडी है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि राव साहब सच्चे और ईमानदार छवि के नेता हैं मेवात की जनता आपके द्वारा किए गए विकास कार्यों से खुश है।

**मैं हमेशा आप लोगों के साथ खड़ा हूं, आपके हर दुख-सुख में साथ रहूंगा**

राव साहब ने मेवात से आए जनप्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि मैं हमेशा आप लोगों के साथ खड़ा हूं, आपके हर दुख सुख में साथ रहूंगा। मेवात के गणमान्य लोगों ने राव साहब को मेवात में एक बड़ा प्रोग्राम करने के लिए भी अपनी इच्छा जताई, जिस पर राव साहब ने कहा आप सभी जाहिद हुसैन के साथ बैठकर जगह और समय तय करें, हम मेवात में प्रोग्राम जरूर करेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मेवात से आए जनप्रतिनिधियों से कहा कि मेवात की विकासशील दर्जनभर योजनाओं पर काम चल रहा है और जल्द ही उन्होंने मेवात से जो वादे किए हुए उनको पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे मेवात के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

## गांव डिढारा में फिरनी में दलदल होने से ग्रामीण परेशान



नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। ग्राम पंचायत डीढारा की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यों के बावजूद गांव की फिरनी वाले रास्ते पर गंदा पानी एकत्र हो रहा था। जिसमें पंचायत ने चिकनी मिट्टी डलवा दी। जिससे रास्ते में दलदल बन गई और लोगों को आवागम में भारी परेशानियों का सामना करना पडा। ग्रामीण हुकम, अजीत, कृष्ण, रणधीर, सचिन, संदीप, सुखबीर, खुशी, राकेश, मनोज व ग्राम पंचायत समिति सदस्य नीरू आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत ने रात के समय भरे हुए पानी में चिकनी मिट्टी गिरवा दी। जिससे पूरे रास्ते में दलदल बन गई। गत कई दिनों से ग्रामीणों सहित आवागमन करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस विषय में वह प्रशासन को भी शिकायत कर चुके हैं। ग्राम पंचायत डिढारा सरपंच कमाल ने माना कि रास्ते में भरे हुए पानी से ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर मिट्टी गिरवाई गई थी। लेकिन यदि उससे भी परेशानी बढी है, तो रास्ते पर ओर मिट्टी डलवाकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम से लोगों की समस्याओं का हो रहा है समाधानः जान मोहम्मद

**प्रदेश की जनता तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का भर रही है दम**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा मेवात जिले में कराए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर मेवात की जनता तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने के लिए लगातार भाजपा का दामन थाम रही है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे जन संवाद कार्यक्रमों से जनता को लगातार लाभ मिल रहा है और इसी कड़ी में मेवात में चलाए गए जन संवाद कार्यक्रमों में भी मेवात की जनता को जो लाभ मिला है उसके लिए मेवात की जनता प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की आभारी है। उक्त बातें मेवात के जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने लोगों से एक कार्यक्रम में बातचीत करते हुए कहीं। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रमुख जान मोहम्मद को भरोसा दिलाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विकास कार्यों से प्रभावित होकर मेवात ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जनता तीसरी बार उनके नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने के लिए दम भर रही है। इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद से मेवात के लोगों ने कहा कि जो अधिकारी अपने कार्यों में एसी में बैठकर लोगों की बात तक नहीं सुनते थे, आज वह अधिकारी जन संवाद कार्यक्रमों में जनता के बीच पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं और प्रदेश सरकार में मंत्री गांव गांव जाकर लोगों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका समाधान करने के लिए लगातार फील्ड में उतरे हुए हैं। जिससे सरकार के प्रति मेवात की जनता का भरोसा और लगाओ बढ़ा है। जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनी और कथनी में अंतर नहीं है, जिस तरह प्रदेश के अन्य जिलों का विकास मुख्यमंत्री कर रहे हैं। वहीं मेवात का भी लगातार विकास करते हुए मेवात को विकास की गति में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक ईमानदार और साफ छ्वि के नेता है जो सभी 36 बिरादरी के लोगों को एक साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं और उनके लिए एक समान विकास कार्य करते हैं। जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि आने वाले समय में मेवात से भाजपा की तीनों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार भारी मतों से जीतेंगे। इतना ही नहीं आज प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विकास कार्यों से मेवात की जनता प्रभावित है और लगातार भाजपा का दामन थाम रही है। इस मौके पर रईस सरपंच फिरोजपुर तेड़, जफरु सरपंच, सहूद खान ,दीन मोहम्मद शाहिद आदि काफी लोग मौजूद रहे।

## सावधानी व सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने के बेहतर उपायः नरेंद्र

**सावधान रहे, घर बैठे पैसे कमाने का झांसा दे कर साइबर ठग आपकी वर्षों की कमाई पर फेर सकते हैं पानी**

**फ्रॉड व संदिग्ध कॉल तथा मैसेज आने पर तुरंत पुलिस को करें सूचित**

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नूंह पुलिस ने सभी हो साइबर स्मार्ट मिशन के अंतर्गत आमजन के हित में विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए जिलावासियों को व्हाट्सएप व ई-मेल पर आने वाले फर्जी लिंक से पूरी तरह सावधान रहने की सलाह दी है । पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने आमजन से कहा है कि व्हाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें, क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं । उन्होंने कहा है कि आपकी थोड़ी सी चूक भी वर्षो की मेहनत की कमाई गवां सकती है इसलिए ई-मेल या वाट्सएप पर ऐसे लिंक पर क्लिक करते समय आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए । साइबर ठगों द्वारा अक्सर आमजन को घर बैठे लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर बैंक सम्बधित जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार कर लेते है । इसलिए लोभ-लालच में आकर अपनी बैंक संबंधी डिटेल या अन्य प्रकार की जानकारी सांझा न करें । सावधानी एवं सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय है । हैकर्स फर्जी मैसेज डालकर आपके बैंक से संबंधित अकाउंट को ब्लॉक करने की धमकी देकर आपकी बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर आपको ठगी का शिकार बना सकते है । फ्रॉड कॉल करने वाले व्यक्ति अक्सर 24 घंटे के अंदर बैंक खाता ब्लॉक करने का दबाव बनाकर बैंक से संबंधित जानकारी हासिल कर आमजन से ठग्गी करते है । मेवात पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने आमजन को सलाह दी है कि उनके बैंक खाते को ब्लॉक करने संबंधित किसी प्रकार की कॉल, मैसेज या एसएमएस आता है तो किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें । इसके अतिरिक्त बताए गए नंबर पर कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सांझा न करें । अगर बैंक खाता ब्लॉक होने संबंधित जानकारी हासिल करनी हो तो संबंधित बैंक द्वारा बताई गई ऑफिशियल कस्टमर केयर के नंबर पर ही वेरिफाई करें । उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के फर्जी या असत्यापित लिंक को न खोलें और अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए ओटीपी को सांझा करने से बचें, क्योंकि इससे हैकर्स को आपकी निजी जानकारी हासिल हो सकती है, और कहा कि अपनी निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए व्हाट्सएप की प्राईवेसी को सार्वजनिक ना करें । व्हाट्सएप पर कोई भी संदेश फार्वड करने से पहले संदेश की सत्यापना की जांच कर ले । किसी भी प्रकार के प्रलोभन मैसेज जैसे लाटरी,रिचार्ज कूपन व डिस्काउंट के झांसे में आकर अपनी बैंक डिटेल व पहचान सांझा ना करें ।

## पीएम कुसुम योजना के तहत लगाए गए सोलर पंप की वापिस जमा होगी अनुदान राशिः एडीसी

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। प्रदेश में किसानों की फसल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने व खेतीबाड़ी में लागत खर्च को कम करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार द्वारा इन योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा सोलर पंप लगाने के लिए किसानों को पीएम कुसुम योजना के तहत विशेष अनुदान दिया जा रहा है, ताकि किसानों पर ज्यादा वित्तीय बोझ न पड़े और उन्हें पारंपरिक पम्पों से छुटकारा मिल सके । अतिरिक्त उपायुक्त रेनु सोगन ने बताया कि विभाग को इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं कि कई किसानों ने अपने सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टमों को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है या निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर स्थापित कर उन्हें अन्य किसी कार्यों में उपयोग में लाया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जब पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने की स्वीकृति दी जाती है तो उस समय किसानों से यह लिखित रूप में लिया जाता है कि वे अपने यहां लगने वाले सोलर पंप को ना तो किसी अन्य व्यक्ति को बेचेंगे व ना ही उसे अन्य जगह शिफ्ट करेंगे। यदि वे ऐसा करेंगे तो सरकार उन्हें दी गई अनुदान राशि वापिस ले सकती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला के सब्सिडी प्राप्त किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे किसी भी नियमविरुद्ध कार्य करने से बचें व ना ही किसी के बहकावे में आये। उन्होंने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा समय समय पर मौके पर जाकर औचक निरीक्षण भी किया जाता है।

## श्रीमद् भागवत कथा में हुआ प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार का प्रसंग हुआ

**भागवत कथा सुनने और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में आता है परिवर्तन**

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र



**तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित वैष्णों माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा प्रवक्ता ने प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार की कथा विस्तार से बताई। कथा का वाचन करते हुए मधुश्री उपाध्याय ने कहा किए भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा आपने भक्त को पाना चाहता हैं। भागवत कथा का वाचन करते हुए मधुश्री उपाध्याय जी ने कहा कि भागवत कथा सुनना और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है। भगवान हमेशा आपने भक्त को पाना चाहता है। जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्त के बिना है। भगवान ज्ञानी को नहीं अपितु भक्त को दर्शन देते हैं और सच्चे मन से ही भगवान प्राप्त होता है। भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उसे ही जान से मारने की ठान ली। प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह भी बताया कि यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करों। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। यदि हम संसार में पूरी तरह मोहग्रस्त और लिप्त रहते हुए सांसारिक जीवन जीते है तो हमारी सारी भक्ति एक दिखावा ही रह जाएगी। कथा के दौरान वामन अवतार की झांकी दिखाई गई और तेरे द्वार खडा भगवान भगत भर दे रे झोली पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा सुनने के लिए भारी संख्या में महिल-पुरूष पहुंचे।

## तावडू में फिर घटने लगी बाजरे की आवक खुले आसमान के नीचे पड़ा बाजरा

**बाजरे की हैफेड ऐजंसी 22 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद कर रही है। जबकि सरकार द्वारा 3 सौ रुपए क्विंटल भावंतर भरपाई योजना के तहत किसानों को दिया जाएगा**

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू अनाज मंडी में बाजरे की आवक 74 हजार 950 क्विंटल



तावडू। शहर की नई अनाजमंडी में बाजरे की आवक अब टूटने लगी है। सोमवार को मात्र 15 सौ क्विंटल के लगभग ही बाजरे की आवक हुई। जबकि इस वर्ष लगभग 1 लाख 32 हजार बाजरे की आवक हो चुकी है। जिसमें से सरकारी ऐजंसी के द्वारा 61 हजार 718 क्विंटल बाजरे की सरकारी खरीद की गई। जिसका आधा बाजरा ही मंडी से उठान हो पाया। मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए भी अनाजमंडी से बाजरे की लिफिटिंग न हो पाना लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मार्किट कमेटी सचिव विजय कुमार ने बताया कि 8 सितंबर 2022 तक तावडू अनाज मंडी में बाजरे की आवक 74 हजार 950 क्विंटल की हुई थी। गत वर्ष मौसम खराब होने के कारण आवक देरी से हुई थी। लेकिन इस वर्ष मौसम ठीक होने के कारण बाजरे की आवक भारी मात्रा में हुई और बाजरे की फसल भी अच्छी क्वालिटी की आई है। उन्होंने बताया कि बाजरे की हैफेड ऐजंसी 22 सौ रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद कर रही है। जबकि सरकार द्वारा 3 सौ रूपए क्विंटल भावंतर भरपाई योजना के तहत किसानों को दिया जाएगा। मंडी में बाजरा खुले आसमान के नीचे~ मौसम में हो रहे बदलाव के चलते भी अनाजमंडी में खुले आसमान के नीचे हजारों बैग बाजरे के व खुला बाजरा देखने को मिल रहा है। जो बाजरे की फसल सरकारी ऐजंसी व प्राईवेट दुकानदारों की है। मौसम में बदलाव के बावजूद भी इसे उठाने के प्रयास के बजाय कोई ऐतियात नहीं बरता जा रहा है।

### निबंध लेखन में अंजली रही प्रथम

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में आर्यभट्ट टेक्नो सोसाइटी ऑफ़ फिजिक्स के अंतर्गत कॉलेज लेवल साइंस निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डा. प्रवीण यादव ने की। निबंध लेखन के विषय थे। दूरसंचरण में तकनीकी का प्रभाव, मॉडर्न तकनीकी में रोबोट की भूमिका, वर्तमान सनरिओं में कृत्रिम बुद्धिमता की, भूमिका पर्यावरण, परिवर्तन पर मानव का प्रभावए प्रॉपर्टी ग्रोथ के लिए बौद्धिक प्रॉपर्टी अधिकार की अवश्यकता। निबंध लेखन में प्रथम पुरस्कार अंजलि पुत्री राजेश कुमार, द्वितीय पुरस्कार करीना पुत्री पवन कुमार एवं तृतीय पुरस्कार तरुणा पुत्री महेंद्र सिंह एवं दिया सोनी पुत्री योगेंद्र सोनी को सयुंक्त रूप से प्राप्त हुआ। इन सभी विजेताओं को 11 अक्टूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय नारनौल में होने वाली जिला स्तरीय साइंस निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. मनीषा कुमारी, डा. चन्दर सेखर, नीलम भारती, श्री नवनीत कुमार एवं अशोक कुमार ने सयुंक्त रूप से निभाई। प्रतियोगिता के समापन पर भौतिकी विभाग के अध्यक्ष राज कुमार सैनी ने सभी मेहमान साथियों एवं प्रतिभागी छात्रों का धन्यवाद किया।

## पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों की पेंशन भेजी खातों मेंः उपायुक्त

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से सितंबर माह की विभिन्न पेंशन योजनाओं की राशि 16 हजार 300 लाभार्थियों के खातों में डाली गई। उन्होंने बताया कि जिला में वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना के तहत 11 हजार 233 लाभार्थियों को, दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 1 हजार 46 लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। इसी प्रकार विधवा पेंशन योजना के तहत 3 हजार 412 महिलाओं को, निराश्रित बच्चों को आर्थिक सहायता योजना के तहत 585 बच्चों को, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना के तहत 21 लाभार्थियों को तथा बौना भत्ता 1 व स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता योजना के तहत 2 लाभार्थियों को पेंशन दी जा रही है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि विभाग द्वारा राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, निशक्त छात्रवृत्ति योजना, वरिष्ठ नागरिकों को पहचान पत्र उपलब्ध करवाने जैसी योजनाएं क्रियान्वित हैं। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना के तहत लाभार्थियों को 2750 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। इसके अलावा निराश्रित बच्चों को आर्थिक सहायता योजना के तहत 1850 रुपए तथा दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता योजना के तहत 2750 रुपए मासिक पेंशन दी जाती है।

**नई पेंशन बनवाने के लिए ऐसे करें आवेदन**

जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने बताया कि नई पेंशन बनवाने के लिए पात्र व्यक्ति को सबसे पहले सीएचसी केंद्र के माध्यम से अपना परिवार पहचान पत्र बनवाना होगा। परिवार पहचान पत्र बनवाने के बाद ही आवेदक नई पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। नई पेंशन के लिए आवेदक अपने साथ आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता कॉपी की फोटो प्रति लेकर संबंधित सीएचसी में आवेदन कर सकता है। आवेदन के उपरांत आवेदक को अपने सभी दस्तावेज समाज कल्याण विभाग में जमा करवाने होंगे।

## खबर फटाफट

### सेवा स्तंभ ने काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर किया नमन



**रेवाड़ी।** सेवा स्तंभ की ओर से डॉ बीआर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी में काशीराम का 17वां परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान भगतसिंह सांभरिया ने बताया कि काशीराम एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने अछूतों और दलितों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त कार्य। उन्होंने समाज के दबे-कुचले वर्ग के लिए एक ऐसी जमीन तैयार की, जहां पर वे अपनी बात कह सकें और अपने हक के लिए लड़ सके। इस कार्य को करने के लिए उन्होंने कई रास्ते अपना व बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। इस मौके पर भगत सिंह सांभरिया, राजपाल दहिया, किशनलाल थिरान, लक्ष्मीबाई लिसाना, रमेश ठेकेदार, आलोक भाँडोरिया, डॉ सत्यपाल चौपड़ा, डॉ मामराज, रामनिवास, रामजस रसूली, अशोक टांकड़ी, घनश्याम आदि उपस्थित रहे।

### डा. पूजा सांगवान को अजमेर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज में एमडी पीजी पद पर मिली नियुक्त

**रेवाड़ी।** जिले के गांव लिसाना की बेटी डा. पूजा सांगवान को राजस्थान के अजमेर में स्थित जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज में एमडी पीजी पद पर नियुक्ति हुई है। डा. पूजा सांगवान ने अपनी मेहनत के बल पर इस पद तक पहुंचकर अपने दादा का सपना पूरा किया है। डा. पूजा ने बताया कि जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अजमेर में उन्हें शिशु रोग विभाग का जिम्मा मिला है। डा. पूजा की नियुक्ति से एक ओर जहां उनके गांव में खुशी की लहर है, वहीं उन्होंने अपने परिवार, गांव व क्षेत्र को गौरवान्वित करने का भी कार्य किया है। इस मौके पर चौ. भयराम, दयानंद, राजकरण, पूर्व सरपंच राजाराम, जगदेव, रतन, रणसिंह, हरकेश, विजयपाल समेत अनेक लोगों ने खुशी जताते हुए डा. पूजा व उनके परिवार को बधाई दी है।



### बाइक चोरी का पीओ आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस के पीओ स्टाफ ने अदालत द्वारा उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कि गई आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव नसीरपुर निवासी साहिब पुत्र युनुस के रूप में हुई है। आरोपी थाना माडल टाऊन के वर्ष 2012 में दर्ज बाइक चोरी के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। इसके पश्चात माननीय अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना माडल टाऊन में अलग से 174ए के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### सत्यदेव यादव भाजपा जिला महामंत्री बने, कविता गुप्ता को बनाया गया महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष

**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ एवं जिला प्रभारी मुकेश गौड़ के साथ विचार विमर्श करके भाजपा जिला रेवाड़ी के महामंत्री के तौर पर पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष सत्यदेव यादव को महामंत्री की जिम्मेवारी सौंपी है। वहीं, निखिल यादव मांढया को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष तथा धर्मवीर धारूहेड़ा को किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष के साथ-साथ कविता गुप्ता को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करें।

### डा. नवीन पिपलानी बने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में अकादमिक समिति के सदस्य

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुरए में सामान्य एवं ऋय शाखा में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत डॉक्टर नवीन पिपलानी को आगामी 2 वर्षों के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की अकादमिक अफेयर्स समिति का सदस्य चुना गया है। हरियाणा बोर्ड के अध्यक्ष से प्राप्त पत्र के अनुसार उन्हें उनके शिक्षा के क्षेत्र में लंबे अनुभव और योगदान के आधार इस पद पर चुना गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देना है। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं स्टाफ सदस्यों ने इस उपलब्धि पर डा. नवीन पिपलानी को बधाई दी। डॉ. पिपलानी ने विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षकों, गैर-शिक्षक साथियों का इसके लिए आभार व्यक्त किया।



### सांझी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि आज

**रेवाड़ी।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा व हरियाणा लोक कला संघ रोहतक के संयुक्त तत्वाधान में सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक रोहतक स्थित एंडी स्टूडियो में आयोजित किए जा रहे सांझी उत्सव के तहत सांझी प्रतियोगिता में पंजीकरण कराने के लिए मंगलवार 10 अक्टूबर अंतिम तिथि है। सांझी प्रतियोगिता में राज्य की महिला कलाकार भाग ले सकेंगी। विजेता महिला कलाकारों को प्रथम पुरस्कार 51,000 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 21,000 सहित 11000-11000 हजार रुपए के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।डीआईपीआरओ बिजेंद्र ने बताया कि इस नौ दिवसीय उत्सव में सांझी के गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सांझी हरियाणा की लोक पारंपरिक कला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो महिलाओं द्वारा नवरात्रों के दौरान दीवारों पर बनाई जाती हैं। मोबाइल नंबर 8847246522, 9812069014, 7888487901 पर व्हाट्सएप तथा ई-मेल पर नाम, पता, आयु, फोन नंबर तथा आधार कार्ड की प्रति भेज कर आवेदन किए जा सकते हैं।

# पांच राज्यों में बनेगी कांग्रेस की सरकार भाजपा का होगा सूपड़ा साफ: चिरंजीव

## विधायक बोले, रेवाड़ी में अब विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया जाएगा

### विधायक ने गांव आकेड़ा व मालाहेड़ा में किया गलियों व फिरनी का किया लोकार्पण

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने विधानसभा क्षेत्र के गांव आकेड़ा में गलियों का उद्घाटन किया वहीं गांव मालाहेड़ा में फिरनी का शिलान्यास किया। दोनों गांवों में विधायक का फूलमाला व पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर विधायक चिरंजीव राव ने कहा रेवाड़ी के कार्यों को अब रुकने नहीं दिया जाएगा। विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत जो भी पैसा आ रहा है, वह सारा



बिना भेदभाव के विधानसभा में लगाया जा रहा है। विधायक ने कहा अब थोड़ा ही समय बचा है प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने को। कांग्रेस की सरकार बनने पर सूद सहित रेवाड़ी में कार्य होंगे। वही चाहे एम्स हो, रेवाड़ी व धारूहेड़ा का बस स्टैंड हो, मेडिकल कॉलेज, लडकेों का कॉलेज, धारूहेड़ा के दूषित पानी की समस्या इत्यादि सभी कार्य पूरे किए जाएंगे।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। अगले महीने होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ होगा और सभी प्रदेशों में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। वहीं कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश की तरह ही सभी राज्यों में महंगाई कम कर राहत प्रदान की जाएगी। विधायक चिरंजीव राव ने कहा पूरे देश में जातिगत जनगणना की गारंटी भी कांग्रेस पार्टी दे चुकी है। कांग्रेस पार्टी चाहती है कि हर किसी को उनका पूरा अधिकार मिले।

# 47.65 ग्राम गांजा सहित एक दबोचा

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव खटावली निवासी अंकित पुत्र महेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 47 ग्राम 65 मिलीग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है।

जांचकर्ता ने बताया गश्त के दौरान सूचना मिली कि अंकित पुत्र महेन्द्र निवासी खटावली मादक पदार्थ गांजा पीता व बेचने का काम करता है। जो आज भी राधा स्वामी सतसंग ब्यास धारुहेड़ा से खटावली रोड़ के पास गांजा बेच रहा है।

सूचना के बाद तुरन्त रैडिंग पार्टी तैयार कर बताई हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान अंकित पुत्र महेन्द्र के रूप में हुई। आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 47 ग्राम 65 मिलीग्राम नशीला पदार्थ गांजा



बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना धारुहेड़ा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### राहुल गांधी को नए युग का रावण बताने पर भड़के कांग्रेसी

# सचिवालय के निकट प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का फूंका पुतला

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राहुल गांधी को एक पोस्टर के माध्यम से नए युग का रावण बताए जाने पर कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा व प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता स्थानीय राजीव गांधी चौक पर एकत्रित हुए। यहां से प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय के निकट पहुंचे। इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व मंत्री डाक्टर एमएल रंगा, प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला व रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव के समर्थकों ने भाग लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कहा हम भाजपा से जानना चाहते हैं कि राहुल गांधी से उन्हें क्या दिक्कत है। अगर राहुल गांधी गरीब, किसानों, कुलियों व बच्चों से मिल रहे हैं और स्वर्ण मंदिर में मत्था ठेक रहे हैं, तो क्या इससे भाजपा को परेशानी होती है। भाजपा भगवान राम के नाम पर राजनीति करती है। इसका परिणाम उन्हें अगले चुनाव में मिलेगा। भाजपा ने बृहस्पतिवार को राहुल गांधी को दशानन के रूप में दर्शाते हुए सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की थी और उन्हें नए युग का रावण करार दिया था। जिस पर कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा था कि यह उसके पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा भड़काने और उनकी हत्या कराने का प्रयास है। यह उनकी ओछी मानसिकता और बौखलाहट को दर्शाता है। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष अमृतकला टिकनिया, नरेश शर्मा, महेंद्र सिंह रंगा, बिलू सरपंच, साधुराम सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे।



**भाजपा नेताओं की छोटी मानसिकता का प्रतीक**

पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा ने कहा भाजपा नेता जिस भाषा का प्रयोग कर रहे है, वह उनकी छोटी मानसिकता का प्रतीक है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला ने कहा कांग्रेस की बढती लोकप्रियता और जनाधार से भाजपा नेता बौखला गए है और अनर्गल भाषा का प्रयोग कर रहे है।

### कार में लिफ्ट देने के बहाने दो भाइयों से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक संजीव बल्हारा के नेतृत्व में कार्य करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा इंचार्ज इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार व अपराध शाखा-3 इंस्पेक्टर विद्यासागर की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो भाईयों को कार में लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को तत्परता से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान रेवाड़ी बस स्टैंड के पीछे कुआं कोठी निवासी जोनी सैनी उर्फ सुलतान पुत्र टेकचंद, गांव धामलका हाल किराएदार गांव ढालियावास निवासी मनीष उर्फ खरोला पुत्र रामप्रताप व मोहल्ला राजीव नगर धक्का बस्ती निवासी नवीन उर्फ ध्रुव पुत्र राजू के रूप में हुई है। आरोपियों ने उसी रात वारदात में प्रयोग की गई कार को विजय नगर से चोरी किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कार को बरामद कर लिया है। उप पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी संजीव बल्हारा ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि यूपी के जिला ऐटा के गांव कुटैना माफी निवासी गगनदीप अपने भाई हिमांशु के साथ धारुहेड़ा में रह रहे अपने चाचा चंद्रभान से मिलने के लिए ट्रेन से आए थे।

सुबह करीब 3 बजे रेलवे स्टेशन से दोनों धारुहेड़ा जाने के लिए धारुहेड़ा चुंगी पर आ गए। इसी दौरान एक कार उनके पास आकर रुकी और ड्राईवर ने उनसे पूछा कहा जाना है। जिस पर उन्होंने बताया कि उन्हें धारुहेडा जाना है। गाडी चालक ने उन्हें गाडी मे बैठा लिया। गाडी मे ड्राईवर के अलावा दो अन्य युवक पहले ही बैठे हुए थे। गांव फिदेड़ी के पास युवकों ने गगनदीप व उसके भाई की गर्दन पर चाकू लगा दिया और उनसे 9 हजार रुपये, मोबाइल फोन व पर्स में रखे दस्तावेज लूट लिए और दोनों को गांव हांसाका के मंदिर के पास उतारकर फरार हो गए।

इसके बाद पुलिस ने गगनदीप की शिकायत पर थाना सदर में आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु की थी। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपराध शाखा-2 धारूहेड़ा व अपराध शाखा-3 रेवाड़ी पुलिस टीम ने संयुक्त कायवाही करते मामले में तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



**आरोपियों पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं**

आरोपी मनीष उर्फ खरोला पर मारपीट, नशा बेचने, छीना झपटी व आर्म्स एक्ट के 15 मामले दर्ज है। दूसरे आरोपी जोनी सैनी उर्फ सुल्तान पर चोरी, झपटमारी, आर्म्स एक्ट, नशा बेचने, मारपीट के 7 मुकदमे दर्ज है और आरोपी नवीन पर मारपीट, झपटमारी व नशा बेचने के तीन मामले दर्ज है।

**लूट में प्रयुक्त कार निकली चोरी की**

आरोपियों ने लूट की वारदात में प्रयुक्त जिस वैगनआर कार का इस्तेमाल किया गया है, वह आरोपियों द्वारा उसी रात विजय नगर के राधा कृष्ण मन्दिर के पास एक प्लाट से चोरी की गई थी। यह कार जुगनू पुत्र रामकिशन की है, जिस पर थाना माडल टाऊन में अलग से चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

# उद्घाटन मैच में आरपीएस बलाना ने यदुवंशी नारनौल को किया पराजित

### केएलपी कॉलेज में छह दिवसीय अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। स्थानीय केएलपी कॉलेज में छह दिवसीय अन्तर महाविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच यदुवंशी कॉलेज नारनौल तथा आरपीएस बलाना के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष बृजलाल गोयल ने टॉस करके प्रतियोगिता का आरंभ किया। मैच में यदुवंशी कॉलेज नारनौल ने पहले खेलते हुए सात ओवर में 45 रन बनाये। जवाब में आरपीएस बलाना ने 5 ओवर में एक विकेट पर 46 रन बनाकर जीत हासिल की। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ रामबीर सिंह ने बताया कि यह



टूर्नामेंट 14 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के तत्वावधान में किया गया है। जिसमें कुल 10 टीम भाग ले रही हैं। प्राचार्य डॉक्टर कविता गुप्ता ने कहा कि केएलपी कॉलेज सदा ही आइजीयू का अग्रणी महाविद्यालय रहा है। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधकारिणी के प्रधान अमित गुप्ता, उप प्रधान संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल गोयल तथा कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पीईबी के प्रधान राजीव गुप्ता,चंद्र प्रकाश, रमेश मित्तल, मुकेश गुप्ता, कपिल यादव, सुनील ग्रोवर, डॉ नरेंद्र सिंह, अजय यादव, विनयशील गोयल, दीपक पालहवासिया, रत्नेश बंसल समेत अनेक खेलप्रेमी मौजूद थे।

# नेहरू पार्क में पुलिस ने लगाई पाठशाला

### आमजन को किया साइबर सुरक्षा बारे जागरूक

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के मार्गदर्शन में एवं एजीडीपी क्राइम हरियाणा ओपी सिंह के दिशा-निर्देश पर पूरे हरियाणा में अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर थाना से एचसी संदीप कुमार व उनकी टीम द्वारा नहरू पार्क रेवाड़ी में साइबर जागरूकता अभियान चला कर आमजन को साइबर अपराध और उससे बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

साईबर जागरूकता अभियान में काफी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। साबिर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साईबर थाना से एचसी संदीप कुमार व उनकी टीम ने साइबर अपराधों से बचने की विशेष जानकारी दी। जिसमे उन्होने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की काल पर भरोसा करके आप अपने बैंक खाता, कैडिट-डेबिट कार्ड की जानकारी सांझा ना करे। अपने एटीएम का पासवर्ड-ओटीपी किसी से भी शेयर ना करे। किसी भी अनजान व्यक्ति का वीडियो काल ना उठाएं। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को साईबर अपराधो व धोखधडी करने वालों से बचाना और जागरूक करना है। साईबर अपराध घटित होने पर तुरन्त साईबर क्राईम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर काल करें व वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करवाये।



## अभियान

### अपराध पर अंकुश लगाने के लिए मनाया पुलिस उपस्थिति दिवस

# 65 पुलिसकर्मियों की 91 टीमें सड़क पर उतरी

### पुलिस ने आमजन को कराया सुरक्षित होने का आभास

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला पुलिस द्वारा पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के नेतृत्व में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को पुलिस उपस्थिति अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने विशेष रूप से गश्त-नाकाबन्दी व चेकिंग कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का उद्देश्य आमजन में पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराना है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज को अपने -अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त व नाकाबन्दी करने बारे दिशा-निर्देश जारी किए गए।



जिसमें जिला पुलिस द्वारा चैकिंग पार्टियां और नाकाबंदी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गई तथा जिले भर में पैदल गस्त की गई। इससे जहां लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया, वहीं अराजक तत्वों को संदेश दिया गया कि अगर कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उनसे सख्ती से निपटा जाएगा। इस दौरान प्रत्येक थाना क्षेत्र के अनुसार अपराध की रोकथाम के लिए पर्यवेक्षण अधिकारी, प्रबंधक थाना और चौकी इंचार्ज और थाना, चौकी में तैनात फोर्स नाकाबंदी और चैकिंग में रही। पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों और नाकाबंदी पर आने जाने वाले वाहनों को गहनता से चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस अभियान के दौरान स्वयं जिला रेवाड़ी की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मेहनत ईमानदारी और पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए निर्देश दिए। करीब 6 घंटे चले अभियान के दौरान सभी राइडर-पीसीआर निरंतर गश्त में रही। इस अभियान में कुल 565 पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया। जिनमें 91 पुलिस पार्टीयों ने पैदल गस्त की।

# बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए दी जा रही 80 हजार की आर्थिक सहायता

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सभी बीपीएल परिवारों को डा. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इससे पहले योजना का लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था। हरियाणा सरकार ने योजना में बदलाव करते हुए इसमें सभी बीपीएल परिवारों को शामिल करने का निर्णय लिया था। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपए किया गया था। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने उपरोक्त योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए 10 साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो तभी आप इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदनकर्ता हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए ।

**ऐसे करें आवेदन**

आवेदक को सबसे पहले हरियाणाएससीबीसी.जीओवी.इन से फॉर्म डाउनलोड करके उसे भरना है और उसको सरपंच या फिर पार्षद से सत्यापित करवाना होगा। फॉर्म के साथ में ऊपर बताए गए सभी दस्तावेज लगाने अनिवार्य है। उसके बाद ये फॉर्म आपके नजदीकी सीएससी सेंटर से ऑनलाइन करवाना है। ऑनलाइन करवाने के बाद आपको ये फार्म जिले के अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में जमा करवाना है। कोई भी गलत जानकारी न भरें। डॉक्यूमेंट की कॉपी साथ लगाएं, जिससे आवेदन रिजेक्ट न हो और योजना का लाभ लेने में भी किसी प्रकार की बाधा न आए।

## खबर फटाफट

### डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 से

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर की ओर से 10 अक्टूबर से डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें 18 से 45 वर्ष का कोई भी बेरोजगार पुरूष एवं महिला प्रशिक्षण ले सकते हैं।
यह जानकारी देते हुए संस्थान की निदेशिका स्वेता गुप्ता ने बताया कि पंजीकरण के लिए प्रार्थी कार्यालय में आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो लेकर आएं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान की ओर से निशुल्क करवाए जाते हैं तथा संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की भोजन, ट्रेनिंग मैटीरियल, स्टेशनरी आदि की व्यवस्था भी निशुल्क की जाती है। उन्होंने बताया कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 70 प्रतिशत सीटे बीपीएल राशन कार्ड धारकों के लिए आरक्षित है। दाखिला पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही प्रशिक्षणार्थी का ऋण आवेदन पत्र सम्बन्धित बैंको में स्वीकृति के लिए भेज दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ट्रेनिंग के माध्यम से सरकार द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है तथा विभिन्न योजनाओं में मिलने वाली अनुदान राशी (सब्सिडी) के बारे में बताया जाता है। इसके साथ साथ बैंकों के माध्यम से चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए संस्थान के दूरभाष नंबर 01282-260199 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

### सरसों चोरी के मामले में एक ओर आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**नारनौल।** सरसों चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान नीरज उर्फ गब्बू वासी सिलारपुर अटेली के रूप में हुई है। आरोपित से पूछताछ कर आज न्यायालय पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने पूछताछ में पता लगाया कि आरोपित चोरी की वारदात को अंजाम देने में शामिल था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों अविनाश उर्फ टिंकू वासी कौथल खुर्द, दीपक वासी भौड़ी और मुकेश वासी कौथल खुर्द को पहले गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेंद्र वासी गुजरवास ने थाना अटेली में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है, घर के पास बने एक कमरे में सरसों रखी हुई थी जो रात के समय में अज्ञात व्यक्ति पिकअप गाड़ी से सरसों चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चोरी करने वाले एक ओर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डा. पूर्ण प्रभा मुख्यातिथि थी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. जगजीत सिंह मोर, उप प्राचार्य ने की। कार्यक्रम के संयोजक तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डा. नरेश यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में 30 से ज्यादा विद्याओं में 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें की मुख्य रूप से हरियाणवी नृत्य, कविता पाठ, रंगोली, मेहन्दी, प्रश्नोत्तरी, रागिनी, भाषण प्रतियोगिता इत्यादि करवाए गए। इस प्रतियोगिता के माध्यम से 6, 7, 8 नवंबर 2023 को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में आयोजित होने वाले युवा महोत्सव के लिए छात्रों की प्रतिभा को तलाशना व तैयार करना है। ये छात्र-छात्राएं इस युवा महोत्सव में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. हवा सिंह, डा. महेन्द्र सिंह, डा. सुधीर, डा. सुभाष चंद्र, डा. दिनेश, डा. सोनू जागलान, डा. आशीष, डा. मनोज राठी इत्यादि ने किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डा. मीना यादव ने किया।

### छात्र संघ के चुनाव जल्द संपन्न करवाए सरकारः अभिषेक



**नारनौल।** इंडियन नेशनल स्टूडेंट्स ऑर्गनाईजेशन संबंधित जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने सरकार से प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में छात्रसंघ के चुनाव करवाने की मांग की है। इस मांग को लेकर जिला महेंद्रगढ़ की स्टूडेंट्स इकाई ने महेंद्रगढ़ के तहसीलदार को सीएम नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। इनसो के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुरहावटा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के जरिए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छात्र संघ के चुनाव करवाने की मांग उठाई है। अभिषेक कुरहावटा ने कहा कि हरियाणा में छात्र संघ के चुनाव पुनः शुरू हो चुके हैं, लेकिन बीच में कोरोना महामारी के चलते बंद कर दिए थे तथा अब उन चुनावों को पुनः शुरू करने की जरूरत है। इसलिए सरकार जल्द छात्र संघ के चुनाव संपन्न करवाए। इस मौके पर इनसो के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट दिग्विजय शेखावत सतनाली ने बताया छात्रसंघ चुनाव को रोकना एक तरह से छात्र हकों पर पर कुठाराघात करना है। सरकार ऐसा करके गरीब और कमरे वर्ग के बच्चों को छात्र राजनीति में आने से रोकना चाहती है, लेकिन इसे इनसो सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इनसो ने सदैव छात्र हितों की लड़ाई लड़ी है। जजपा के महासचिव एवं इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह चौटाला ने स्वयं इस लड़ाई को लडक़र के स्टूडेंट इलेक्शन बहाल करवाए थे। आज इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल के आदेशानुसार प्रदेश के तमाम जिला हैडक्वार्टर पर छात्र संघ चुनाव बहाल करवाने के लिए ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। वहीं अभिषेक ने कहा कि सरकार या तो छात्र संघ चुनाव बहाल कर दे अन्यथा बड़ी से बड़ी लड़ाई लडने् के लिए इनसो कभी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे भी छात्र हितों के लिए कोई लड़ाई लडऩी पड़ी तो बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए इनसो सदैव तैयार रहेगी। चाहे उन्हें यूनिवर्सिटी या कॉलेज स्तर पर तालबंदी करनी पड़ी या किसी भी तरह छात्रों की रक्षा करने वाले संवैधानिक तरीकों से अपनी लड़ाई लडऩी पड़ी तो भी इनसो पीछे नहीं हटेगी। इस मौके पर इनसो की छात्रा इकाई की की जिला कोर्डिनेटर तमन्ना कौशिक, कोमल, पूजा व प्रियंका समेत अनेक को छात्राएं मौजूद रही। ज्ञापन लेने उपरांत तहसीलदार ने छात्रों को ज्ञापन सरकार तक भिजवाने का आश्वासन दिया।

सतनाली में हुई 5 साल की मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी का विरोध

# महिला कांग्रेस ने शहर भर में किया प्रदर्शन

**जुलूस निकाल राज्यपाल के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

सतनाली के रेलवे स्टेशन पर 5 साल की मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी के विरोध में महिला कांग्रेस नेत्री डॉक्टर राज सुनेश यादव व पूर्व जिला प्रमुख भाई राम सिंह की अगवाई में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रही। प्रदर्शन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू हुआ, जो महावीर चौक व महेंद्रगढ़ रोड होते हुए लघु सचिवालय पहुंचा।इस मौके पर डॉक्टर राज सुरेश यादव ने कहा कि जिला महेन्द्रगढ़ के सतनाली में एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ हुए अत्याचार के मामले में अभी तक पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार भी नहीं कर पाई है। इस मासूम बच्ची के परिजन अभी भी सदमें में हैं और इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। यह तो महज एक मामला है, आज हालात यह हैं कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नही हैं। दिन हो या रात अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और बहन-बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस घृणित मामले के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करवाएं और सरकार को निर्देश देकर ऐसे उपाय करवाएं जिनसे महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर डा. राज सुरेश, पूर्व जिला प्रमुख भाई राम सिंह, संदीप यादव, सुरेश फौजी, नरेश सरपंच, इंदिरा देवी, मिथिलेश, जितेंद्र नंबरदार, रीना, शशि बाला, निशा, कमलेश, माया देवी, सुमित्रा, बाला देवी, मंजू, चित्रा, अनुराधा, अंजू, अनिमा व शर्मीला सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।



**भाजपा राज में बहन बेटियां सुरिक्षत नहीं : सुधा भारद्वाज**

इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आए दिन महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। हाल ही में सोनीपत में महिलाओं की झुग्गी झोपड़ी में घुसकर उनके साथ दरिंदगी की गई। इससे एक महिला की मौत भी हो गई थी। वहीं अब नया मामला सतनाली में 5 साल की बच्ची के साथ रेप का आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे महिलाओं में रोष है। उन्होंने कहा कि आए दिन प्रदेश में हो रही घटनाओं से महिलाओं में डर का माहौल है। इसलिए अब समय आ गया है कि भाजपा सरकार को सत्ता से दूर करें, ताकि प्रदेश में महिलाओं को बचाया जा सके।

**राज सुनेश के नेतृत्व में उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**



सतनाली में 5 साल की बच्ची के साथ हुए रेप के विरोध में महिला कांग्रेस शहर में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय में पहुंचने के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन डीसी मोनिका गुप्ता को दिया गया। सतनाली के रेलवे स्टेशन पर एक 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ रेप की घटना के विरोध में महिला कांग्रेस नेत्री डॉक्टर राज सुनेश के नेतृत्व में शहर में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को लेकर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में इकट्ठी हुई। जहां से महिलाएं प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक, महेंद्रगढ़ रोड होते हुए लघु सचिवालय पहुंची। लघु सचिवालय परिसर में भी महिलाओं ने करीब 20 मिनट तक सरकार विरोधी नारे लगाए।

## कमजोर नेतृत्व के कारण नहीं मिल रहा नहरी पानीः भूप सिंह



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। पशुपालन विभाग से सेवानिवृत उपनिदेशक डा. भूप सिंह यादव ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव बवाना में जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 45 साल से कमजोर नेतृत्व होने के कारण महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में किसानों को उनके हिस्से का नहरी पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध नहीं हो रहा है जहां उत्तर हरियाणा, पश्चिम व पूर्व हरियाणा के लगभग सभी जिलों में हर खेत तक नहरी पानी उपलब्ध है तथा किसान एक साल में तीन चार फसले पैदा कर रहे हैं वहीं दक्षिण हरियाणा का जिला महेंद्रगढ़ डार्क जोन में होने के बावजूद एक-एक पानी की बूंद के लिए तरस रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी दो भाइयों में भी बटवारा होता है, तब सभी घर में उपलब्ध संसाधनों का बराबर बटवारा करते है। जिसे प्राकृतिक न्याय कहा जाता है, जबकि हरियाणा में उपलब्ध नहरी पानी का बराबर बंटवारा नहीं किया जा रहा है। जो की हरियाणा के साथ अन्याय है।

## सड़क सुरक्षा के नियम न मानने के कारण देश में प्रतिदिन 400 की मौतः टेकचंद

**प्राथमिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नांगल चौधरी। जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्ग निर्देशन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त यादव एवं सचिव महेश गुप्ता के संयुक्त सहयोग से आज नांगल चौधरी के गांव शहबाजपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एकदिवसीय प्राथमिक सहायता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन विद्यालय के पूर्व प्राचार्य सज्जन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला जे आर सी कोऑर्डिनेटर टेकचंद यादव ने सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश में प्रतिदिन 400 लोगों की सडक़ दुर्घटना के कारण जीवन लीला समाप्त हो जाती है। इसका मुख्य कारण सडक़ सुरक्षा के नियमों की दृढ़ता से पालन नहीं करना और सडक़ सुरक्षा के चिन्ह जैसे कि आदेशात्मक, चेतावनी वाले व सूचनात्मक की जानकारी नहीं होना है। प्रवक्ता पवित्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह सीपीआर की जाती है और घाव, हड्डियों का टूटना और रक्त के स्त्राव को रोकने बारे में विद्यार्थीगणों व स्टाफ को पूर्ण जानकारी दी। अशोक कुमार प्रवक्ता ने आपदा प्रबंधन व नशा मुक्ति बारे जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश में 37 प्रतिशत लोग किसी ने किसी नशे का दुष्प्रयोग करते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं। उन्होंने नशे से दूर रहने के बारे में विद्यार्थियों से अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्ष सज्जन कुमार एवं समाजसेवी द्वारा बच्चों को अपने नैतिक चरित्र के स्तर को सुधारने के बारे में मार्गदर्शन दिया। जिससे विद्यार्थी अपने लक्ष्य की पूर्ति करके सर्वोच्च पदों पर स्थान प्राप्त कर सके। अंत में प्राचार्य विकास जयदीप ने विद्यार्थियों को बताया कि सभी विद्यार्थी आज विद्यालय में दी गई जानकारी को अपने तक सीमित न रखकर अपने गांव, आस पड़ोस व मोहल्ले के लोगों को अवश्य जागरूक करें।

## तेज हवाओं के कारण जमीन की नमी हुई खत्म

**किसान रबी की फसल के लिए चिंतित**

**दिन का रात्रि के तापमान में हुई बढ़ोतरी, बिजाई के लिए सही मौसम नहीं**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। नारनौल में बदलते मौसम के कारण किसान परेशान हो गए हैं। तापमान अचानक फिर से बढ़ गया है। वहीं तेज हवाएं चल रही हैं। न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री तथा अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक होने के कारण किसान अपनी रबी की फसल की बुवाई भी नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि तीन-चार दिनों से चल रही तेज हवाओं के कारण भूमि की नमी खत्म हो गई है। वहीं ज्यादा तापमान के कारण रबी की मुख्य सरसों फसल की बुवाई करना नामुमकिन है, जबकि यह समय सरसों की फसल बुवाई का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। अक्टूबर की शुरुआत से ही जिला महेंद्रगढ़ के किसान यहां की मुख्य फसलों में से एक सरसों की फसल की बुवाई शुरू कर देते हैं। 10 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक का समय सरसों की बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त माना गया है। वहीं 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक अगेती फसल तथा 19 अक्टूबर के बाद पछेती फसल बोई जाती है। सरसों की अगेती फसल में किसानों को फायदा होता है। इसलिए दोहान पच्चीसी व नलवाटी जैसे बंजर क्षेत्र में किसान अगेती फसल की बुवाई करते हैं। सरसों की फसल बुवाई के समय अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से कम तथा न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच होना जरूरी है, ताकि फसल का फुटाव अच्छे से हो पाए। लेकिन इस बार 5 अक्टूबर तक तो तापमान सही रहा, मगर 5 अक्टूबर के बाद तापमान में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। 5 अक्टूबर को जहां न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस चल रहा था वह अब बढक़र 24.5 डिग्री सेल्सियस तक हो गया है। वही अधिकतम तापमान भी 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जिसके चलते किसान अपनी सरसों की फसल उगाई नहीं कर पा रहे।

**एसवाईएल मामला** इस मामले में सभी संबंधित पक्षों के स्तर पर अपेक्षित गंभीरता का अभाव

# एसवाईएल पर पंजाब का हठ शीर्ष न्यायालय की सर्वोच्चता को चुनौती : डा. अभय

**नहर बनाने का सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश लागू करना पंजाब सरकार की जिम्मेदारीः डा. अभय**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नांगल चौधरी। नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने एसवाईएल के मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा नहर नहीं बनने देने की जिद न केवल देश के शीर्ष न्यायालय की सर्वोच्चता को चुनौती है बल्कि यह भारत की स्थापित संवैधानिक व्यवस्था के भी विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान देश के सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी मामले में अंतिम निर्णय करने का अधिकार देता है और वह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में 2002 में ही कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त संविधान की धारा 143 के अंतर्गत केंद्र सरकार को दिया गया। शीर्ष न्यायालय का कानूनी परामर्श भी इस मामले में नहर बनाने के पक्ष में आ चुका है। संविधान की धारा 142 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए अन्तिम निर्णय को देश के कानून के रूप में लागू करने की शक्ति प्रदान करता है। अतः जब दोनों ही प्रावधानों के अनुसार एसवाईएल नहर बनाने के बारे में सर्वोच्च न्यायालय अपना निर्णय दे चुका है तो इसको लागू करना कानूनी बाध्यता है और किसी भी संवैधानिक सरकार को इसकी अवहेलना करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा बार बार नहर न बनाने की जिद समस्त संवैधानिक व्यवस्था को चुनौती है जो देश की संवैधानिक व्यवस्था में स्वीकार नहीं की जा सकती। डा. यादव ने कहा कि नहर बनाने का सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश लागू करना पंजाब सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जहां तक पानी की उपलब्धता का प्रश्न है, क्योंकि इस विषय में अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है अतः इस संदर्भ में आकलन उपरांत अंतिम निर्णय लिया जा सकता है, हालांकि ईरादी कमीशन की अंतरिम रिपोर्ट हर भागीदार प्रदेश का हिस्सा इंगित करती है। डा. यादव ने कहा कि दुर्भाग्यवश भूतकाल में इस मामले में सभी संबंधित पक्षों के स्तर पर अपेक्षित गंभीरता का अभाव रहा है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट में धारा 143 के अंतर्गत कानूनी सलाह का मामला 11 साल तक लटका रहा तथा सुप्रीम कोर्ट की डिग्री के कई वर्ष बाद भी इस फैसले को धरती पर आने का इंतजार है। जहां तक पंजाब सरकार के रवैये की बात है वह पिछली सरकारों की भांति ही इस पर राजनीतिक विवशता में फंसी नजर आ रही है। परंतु उन्हें भी संभवतः आंतरिक मंथन में यह परामर्श अवश्य मिला होगा कि इस मामले में अब और ढील सर्वोच्च न्यायालय के सीधे हस्तक्षेप को बुलावा देना होगा। अतः अब परिस्थिति की मांग है कि पंजाब, हरियाणा और केंद्र सरकारें, देश की शीर्ष अदालत के निर्णय का सम्मान करते हुए, मिलकर आपसी सहयोग से इस मामले को सुलझाते हुए नहर का निर्माण करवाएं। डा. यादव ने कहा कि इस नहर का निर्माण दक्षिणी हरियाणा के लोगों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ है क्योंकि दक्षिण हरियाणा को अपने हिस्से का पानी इसी नहर के माध्यम से मिलना है। भाखड़ा मेन लाइन एवं नरवाना ब्रांच की जर्जर हालत के चलते हुए पानी की वर्तमान व्यवस्था को कायम रखने के लिए भी एसवाईएल का निर्माण मजबूरी बन चुका है तथा इसमें अब और विलंब की गुंजाइश नहीं है।

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने किया जन संवाद कार्यक्रम

## पीएम का देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्यः धर्मबीर



इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। इसी सोच के अनूरूप केंद्र सरकार ने लगभग साढ़े 9 साल में परिवहन, संचार, ऊर्जा, जल संसाधन व औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर किया है। यह बात भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जन संवाद कार्यक्रम में जन समूह को संबोधित करते हुए कहीं। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज हसनपुर, रामबास, धानोता, मारोली, नापला, पवेरा व नारेहड़ी में जन संवाद कार्यक्रम कर लोगों की समस्याएं सुनी व सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से अब आबादी के आधार पर प्रति व्यक्ति वार्षिक 2000 रुपए के हिसाब से पंचायत के विकास के लिए बजट दिया जाता है। पंचायत अब ग्राम दर्शन पोर्टल पर शिकायत डालें व प्रस्ताव में एक ही काम का प्रस्ताव डालें। उन्होंने बताया कि अब शमशान घाट को शिव धाम कर दिया गया है अब उन स्थानों पर पानी व बिजली की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल के तहत गांव की फिरनी, शिव धाम, लाइब्रेरी, जिम व जोहड़ आदि कार्यों का प्रस्ताव पास कर पोर्टल पर अपलोड करें ताकि बिना देरी के कार्य हो सके। सांसद ने कहा कि हरियाणा में पीने के पानी की समस्या नहीं रहने देंगे। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल में जल पहुंचाया जा रहा है। राज्य के हर गांव में 70 लीटर पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, एसडीएम मनोज कुमार, पंचायती राज से कार्यकारी अभियंता दिवाकर राय, बिजली विभाग से कार्यकारी अभियंता शिवराज, जन स्वास्थ्य विभाग से कार्यकारी अभियंता, बीडीपीओ प्रमोद कुमार के अलावा सतबीर गहली, महेश घाटासेर व गणमान्य लोग मौजूद थे।

**ग्राम दर्शन पोर्टल पर गांव के हित में मांग, सुझाव व शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया**

सर्वप्रथम हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं इसके बाद आपके सामने होम पेज खुलकर आएगा। होम पेज पर गांव के हित में मांग, सुझाव, शिकायत देने के लिए विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके पश्चात आपकी स्क्रीन पर एक नया पेज खुल कर आएगा। इस पेज पर आपको अपना जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत का चयन करना होगा। इसके पश्चात आपको परिवार पहचान पत्र आईडी दर्ज करनी होगी इसके बाद आपको नाम का चयन करना होगा। चयन के बाद अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इसके पश्चात आपको ओटीपी भेजें के विकल्प पर क्लिक करना होगा। अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त हुआ ओटीपी आपको ओटीपी बॉक्स में दर्ज करना होगा। इसके बाद आपको आगे बढ़े के विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके पश्चात आपको मांग व सुझाव देने के लिए विकल्प का चयन करना होगा। विकास कार्य से संबंधित मांग के मामले में विशिष्ट विभाग, श्रेणी, विवरण आदि दर्ज करने के बाद सभी सहायक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। सुझाव की स्थिति में आपको विभाग, योजना एवं विवरण दर्ज करना होगा। इसके पश्चात आपको सहायक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

## कपास रूई चोर करने वाले तीन पकड़े पिकअप बरामद

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। अटेली क्षेत्र में कुएं के कोटडे से रूई की पोटें चोरी करने के मामले में थाना अटेली की पुलिस टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गौरव उर्फ सोनू वासी कांटी, जितेंद्र उर्फ रुडिया वासी कांटी और संजय वासी कांटी के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ में आरोपियों के पास से वारदात में प्रयोग की गई पिकअप गाड़ी बरामद कर ली है। पुलिस ने पता लगाया कि पिकअप गाड़ी संजय की थी और वही पिकअप गाड़ी को चला रहा था। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश वासी कांटी ने थाना अटेली में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि वह खेती-बाडी का काम करता है, उसने अपनी कपास फसल की कटाई करके 25 पोट कपास रूई कुएं पर कोटड़े में रखी हुई थी। 4/5 अक्टूबर की रात को उसकी कपास रूई की 25 पोट चोरी हो गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके खेत के पडोसी भूपेन्द्र निवासी रैवाणा राजस्थान के खेत के कोटड़ा से भी 15/16 पोर्ट कपास रूई चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरा चैक करने पर पता लगाया कि एक पिकअप गाडी के अज्ञात चालक ने उसकी व भूपेन्द्र की कपास रूई चोरी की है और कोटडे में रखा हुआ उसका इलेक्ट्रिक कांटा भी चोरी किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## मंजू यादव ने देह दान की शपथ लेकर युवाओं को दी प्रेरणा

**अंगदान एक महत्वपूर्ण कदम**

**मंजू यादव का मकसद है कि उनके मरने के बाद यह शरीर किसी के काम आए**

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़े के तहत जिला के युवा देहदान की शपथ लेने को आगे आ रहे हैं। नारनौल निवासी मंजू यादव ने आज इसी अभियान के तहत ऑनलाइन देहदान की शपथ लेते हुए सर्टिफिकेट प्राप्त किया।
मंजू यादव पत्नी सुरेंद्र यादव ने बताया कि यह कार्य उन्होंने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष में किया है। उनका मकसद है कि उनके मरने के बाद यह शरीर किसी के काम आए। उन्होंने अन्य युवाओं से भी आह्वान किया है कि वह ऑनलाइन देहदान की शपथ लेकर तथा देश के इस बड़े अभियान का हिस्सा बनें।
उन्होंने कहा है कि यह चाहते हैं कि उनकी आंखें व फेफड़े सहित तमाम शरीर के अंग किसी व्यक्ति को नया जीवन दान दें। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने अपने जन्म दिवस पर यह शपथ ली है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति का शरीर कई लोगों के जीवन के दुख दूर कर सकता है।
उन्होंने कहा कि अंगदान एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह एक व्यक्ति के मृत्यु के बाद अपने अंगदान करके समाज सेवा का अद्वितीय माध्यम हो सकता है। इसके माध्यम से उनका जीवन दूसरों के लिए उपयोगी हो सकता है, जैसे कि उनके अंगदान के द्वारा आवश्यक सामग्री को दरिद्र और जरूरतमंद लोगों के लिए दान करने का अवसर हो सकता है।

## खबर फटाफट

### अब महिलाएं करेंगी हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने का प्रचार



फरीदाबाद। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रेनू भाटिया ने बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा दिनांक 12.10.2023 को सुबह 08.00 बजे से सेक्टर 15 मार्केट फरीदाबाद से सेक्टर-12 स्टेडियम फरीदाबाद तक साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य ÷हरियाणा को ड्रग फ्री बनाना÷ है। उन्होंने लोगों से अपील की इस साइक्लोथॉन में फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलों व कॉलेज से लड़कियों के आलावा पूरे हरियाणा की महिलाएं भी हरियाणा को नशा मुक्त करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

### बसपा संस्थापक काशीराम की पुण्यतिथि मनाई



**फरीदाबाद।** बसपा के संस्थापक काशीराम जी की पुण्यतिथि पृथला क्षेत्र के गांव असावटी के अंबेडकर भवन में मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ बसपा नेता संदीप शर्मा पन्हेड़ा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए संदीप शर्मा ने कहा कि साहेब काशीराम ने हमेशा समाज के दलित और पिछड़े समाज के लोगों के लिए लड़ाई लड़ी। उनके मिशन के लिए संघर्ष जारी है। संदीप शर्मा ने कहा कि सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर बहुजन समाज को गुलामी और लाचारी के जीवन से निकाल उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए कांशीराम ने हमेशा काम किया। उन्होंने अपना जीवन और सब कुछ बीएसपी मूवमेन्ट को न्योछावर कर दिया। उनके संघर्ष से यूपी में बीएसपी की 4 बार सरकार बनी। यहां सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की मजबूत नींव पड़ी। ऐसे बहुजन नायक कांशीराम जी को पूरे देश में बीएसपी के लोगों की ओर से तहेदिल से स्मरण और बाबा साहेब के रुके कारवां को गति देने के ऐतिहासिक कार्य के लिए उन्हें अपार श्रद्धा-सुमन अर्पण करते हैं। इस अवससर पर गांव असावटी सरपंच रवी कुमार, उमेश कुमार भोला ,भाई बलजीत प्रधान भाई शिव सिंह ,मूलचंद मास्टर जी, वीरू जी, वीरपाल जी, जय सिंह, डॉ राहुल, बाबूजी बुधराम, सतीश व पूर्व सरपंच रोहताश खजूरका, गजेंद्र, वीरपाल गढखेडा, विजय मुजेडी, सुरेंद्र कर्दम,सुखबीर आदि मौजूद थे।

### नारनौल सर्राफा एसोसिएशन का हुआ गठन,सुरेंद्र सोनी बने प्रधान



**नारनौल।** नारनौल सर्राफा एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पंजाबी धर्मशाला में राजेंद्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में सभी स्वर्णकार एवं सर्राफ सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें लगभग 40 के आसपास सर्राफा एसोसिएशन के सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर दयानंद सोनी पूर्व पार्षद एवं सदस्य जिला ग्रीवेंस कमेटी विशेष आमंत्रित के रूप में बैठक में मौजूद रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से संगठन के पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी का चुनाव किया। जिसमे सुरेंद्र सोनी पुत्र स्वर्गीय संतोष सोनी को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। इसके अतिरिक्त भारत जौहरी व नरेंद्र सोनी को संरक्षक, दीपक सोनी उप-प्रधान, गौतम सोनी सचिव, हितेश सोनी सह-सचिव, रामकिशोर सोनी कोषाध्यक्ष एवं राहुल सोनी को भी सर्वसम्मति से प्रचार मंत्री चुना गया। जबकि मनीष सोनी, रोहतास सोनी, जयप्रकाश सोनी, विजय सोनी, चेतन सोनी व ललित सोनी को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। गौरतलब है कि कुछ समय पहले शहर में एक वर्ग विशेष के कुछ लोगों ने सर्राफा एसोसिएशन के नाम पर बिना चुनाव करवाएं, अपनी अलग से सर्राफा एसोसिएशन का गठन किया था, जिसे गठन के दो दिन बाद ही एसोसिएशन के 50 के लगभग सदस्यों ने एक बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से उस एसोसिएशन को बर्खास्त कर दिया था। अब सर्राफा एसोसिएशन के 40 से अधिक सदस्यों ने बैठक कर सर्वसम्मति से सर्राफा एसोसिएशन का गठन किया है। इस मौके पर पूर्व पार्षद दयानंद सोनी, भारत सोनी एवं नरेंद्र सोनी ने समस्त स्वर्णकार समाज को एकजुट होकर अपने व्यवसाय को ईमानदारी से करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि वो एक रहेंगे तो स्वर्णकार समाज की प्रशासन एवं अन्य राजनेताओं द्वारा कोई अनदेखी नहीं होगी और उनकी बातों को पूरी तरह से सुना जाएगा। उन्होंने वहां मौजूद सभी स्वर्णकार भाइयों को आपस में मिलकर चलने की प्रेरणा भी दी। बैठक में मोतीलाल सोनी, लालाराम सोनी, गिरीश सोनी, बिट्टू सोनी, नंदलाल सोनी बाछोदिया, राकेश सोनी उर्फ रॉकी, बंटी सोनी, संजय सोनी व श्यामलाल सोनी, राजेश सोनी गलिमनिहारिन, सुभाष सोनी, कृष्ण सोनी निवाजपुरिया, महेंद्र सोनी, धीरज सोनी, बांबी सोनी, मोनू व सोनू सहित स्वर्णकार समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# भाजपा की नीतियों से महिलाएं सबसे ज्यादा पीड़ित: शारदा राठौर

**महिलाएँ अपनी ताक़त पहचानें और महिला सशक्तीकरण के लिए एक जुट होकर कार्य करें**

**लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात मात्र जुमला बनकर रह गई : राठौर**

**बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी महिलाओं के लिए परेशानी का बने सबब**



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक शारदा राठौर ने महिला कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की । जिसमें सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में शारदा राठौर ने कहा कि महिला कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं क्योंकि वर्तमान सरकार की नीतियों से महिलाएँ ही सबसे ज़्यादा पीड़ित हैं। महँगाई की मार से महिलाओं के घर का बजट बिगड़ गया है।घरेलू उपयोग की वस्तुएँ इतनी महँगी हो गई है कि महिलाओं को घर का ख़र्च चलाने में अनेक कठिनाइयां आ रही है। महँगी पढ़ाई व महँगी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण मध्यम वर्गीय परिवार चिंता व कुंठा के साये में जी रहे हैं और मानसिक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। लोगों के जीवन स्तर में काफ़ी गिरावट आयी है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। उन्होने कहा कि महिलाओं में वह शक्ति है जो व्यवस्था परिवर्तन कर सकती है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर वर्तमान सरकार पूर्णतः विफल हो चुकी है । लोकसभा व विधानसभाओं में 33त्न आरक्षण देने की बात मात्र जुमला बनकर रह गई है। यह कोई नहीं जानता कि कब महिलाओं को इस आरक्षण का लाभ मिलेगा। हर स्तर पर महिलाओं के साथ पक्षपात किया जा रहा है । इसलिए महिलाएँ अपनी ताक़त पहचानें और महिला सशक्तीकरण के लिए एक जुट होकर कार्य करें। शारदा राठौर ने कहा की व्यवस्था तभी बदलेगी जब सरकार बदलेगी । सरकार बदलने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सभी बूथों पर महिला कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदारी दी जाएगी।कांग्रेस पार्टी में महिलाओं को जो सम्मान दिया जाता है वैसा किसी अन्य पार्टी में नहीं हैं। पार्टी को मज़बूत बनाने में महिला कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर साधना, कामिनी, निहाला ,निधि भारद्वाज, सगीरन, नूरबानों, डोली , राज देवी, मंजू देवी, नगमा, रेखा चौधरी ने भी महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# गरीबों को उजाड़ने का काम कर रही है भाजपा सरकार : बलजीत

**'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ**



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सेक्टर-10 स्थित पुष्प वाटिका में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक द्वारा की गई। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आनंद कौशिक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है, पिछले नौ सालों में इस सरकार ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया बल्कि गरीबों को उजाडऩे का काम किया है। बलजीत कौशिक ने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचे लोगों की तादाद ने यह साबित कर दिया कि जनता परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की ओर जनता उम्मीद भरी नजरों से देख रही है क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी वर्गो का उत्थान कर सकती है। श्री कौशिक ने कहा कि आज फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया है, यहां विकास के नाम पर टूटी सडक़ें, सडक़ों पर भरा सीवरेज का गंदा पानी और बुनियादी सुविधाओं की कमी नजर आती है, जनता भाजपा को सत्ता सौंप अपने आपको ठगा का महसूस कर रही है। इस मौके पर विचार विभाग कांग्रेस के चेयमरैन विनोद कौशिक ने कहा कि आने वाला समय हरियाणा सहित देश में कांग्रेस का है और कांग्रेस की सरकार बनने पर समूचे फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करवाया जाएगा।

### फरीदाबाद में लोगों को नहीं मिल रही है सुविधाएं

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि फरीदाबाद की बात की जाए और यह विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया है, यहां न केवल लोग बिजली, पानी, सडक़ें व सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाओं की मार झेल रहे है बल्कि टूटी सडक़ों के चलते परेशान है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर इस सरकार ने केवल जनता के खून पसीने की कमाई को हड़पने का काम किया है, लेकिन अब जनता इस जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुकी है और जनता को इंतजार है तो सिर्फ चुनावों का। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें अपना आर्शीवाद देकर विधानसभा में भेजा तो वह लोगों को विश्वास दिलाते है कि वह विकास के मामले में इस विधानसभा को हरियाणा की सबसे आदर्श विधानसभा बनाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे।

## मार्शल आर्ट की नियमित प्रैक्टिस से शारीरिक शक्ति में होता है इजाफा: धर्मवीर

**तन, मन सब मजबूत करता है कराटे: धर्मवीर**



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अकराटे जहां आत्म सुरक्षा के लिए अच्छा है वही इस खेल से जुड़ कर खिलाडी अपने भविष्य को उज्जवल बना सकता है।खिलाडि़यों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत कोई माईने नहीं रखता। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने डबुआ कालोनी एड़ी स्कूल में आयोजित छठी दिल्ली-एनसीआर कराटे प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए व्यक्त किया। प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर लगभग तीन सौ खिलाडिय़ों ने भाग लिया और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया गया। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि मार्शल आर्ट की नियमित प्रैक्टिस से आपकी शारीरिक शक्ति में कई गुना इजाफा होता है। और रेगुलर मार्शल आर्ट की प्रैक्टिस के चलते आपके मसल्स और भी ज्यादा शक्तिशाली और मजबूत हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट के खिलाड़ी कभी तनाव नहीं महसूस करते। ये खिलाडिय़ों को मानसिक रूप में भी मजबूत रखता है। ये शारीरिक शक्ति भी बढ़ाता है इसलिए अपने बच्चों को मार्शल आर्ट जरूर सिखाना चाहिए। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजक नासिर हुसैन और राकेश खटाना ने बताया कि छठी दिल्ली एनसीआर कराटे चैंपियनशिप फिटनेस एंड मार्शल आर्ट की तरफ से आयोजित इस कराटे टूर्नामेंट में बी आर कान्वेंट स्कूल ने 5 मेडल जीते जिसमे त्रिशला ने गोल्ड मेडल निशांत ने सिल्वर मेडल यांशु ने सिल्वर मेडल सनी ने ब्रॉन्ज मेडल और तान्या ने सिल्वर मेडल जीते। इसके लिए कोच हिमांशु खटाना ने स्टूडेंट्स के साथ काफी मेहनत की। नासिर हुसैन ने बताया कि वो लगातार प्रयास करते रहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा छात्र ये गुण सीखें और मैडल जीत फरीदाबाद सहित पूरे देश में नाम रोशन करें । इस मौके पर आदेश यादव, नीरज प्रेमी, सचिन चौधरी सहित स्कूल के स्टाफ के लोग भी मौजूद रहे ।

## जूडो चैंपियनशिप में एसआरएस स्कूल की छात्राओं ने जीते मैडल




सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पानीपत में हुई महात्मा गांधी गोल्ड कप जूडो प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले की टीम ने 15 स्वर्ण सहित कुल 40 पदक जीतकर चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इस चैंपियन टीम में कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे तथा इस विजेता टीम में फरीदाबाद के सेक्टर-88 स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाया। इस चैंपियनशिप में बालिका वर्ग के 33 किलोग्राम के भार वर्ग में भवी चौहान ने कांस्य पदक, 46 किलोग्राम भारवर्ग में सरण्या जैन ने कांस्य पदक और 52 किलोग्राम भारवर्ग में खुशी बिरला ने रजत पदक जीतकर विद्यालय व शहरका नाम रोशन किया। इस मौके पर एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के मैनेंजिग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, मैनेजर तेजप्रकाश पांडे और विद्यालय के सारे स्टाफ ने खिलाडि़यों की इस सफलता पर खुशी जाहिर की और बधाईयां दी हैं। विनय गोयल ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं बल्कि इतिहास रच रही है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की इस उपलब्धि की जितनी सराहना की जाए कम हैं। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी।

## नेहरू कॉलेज में सात दिवसीय मतदान पंजीकरण शिविर किया गया शुभारम्भ



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में आज से सात दिवसीय मतदान पंजीकरण शिविर का शुभाम्भ किया गया। जिसका संचालन डा. अन्शू भट्ट ने किया। महाविद्यालय के सैकडों विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर व डॉ. सबीना सिंह एसोसिएशन प्रो. ने शिविर का शुभारम्भ करते हुए विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिन विद्यार्थियों तथा परिवार के सदस्यों के अभी तक वोट नही बनी है, ऐसे सभी विद्यार्थियो व अभिभावकों के महाविद्यालय में चलाए गए मतदान शिविर में अपना-अपना मतदान पंजीकरण प्रारूप-6 भरकर नोडल अधिकारी को जमा करवाए। महाविद्यालय में प्रारंम्भिक दिन 93 विद्यार्थियों ने प्रारूप-6 भरकर नोडल अधिकारी के पास जमा करवाया। महाविद्यालय द्वारा सभी फार्म को निर्वाचन कार्यालय जमा करवा दिया गया है। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर अंशु भट्ट एवं टीम अशोक अहलावत, संजीव कुमार, निधि गुप्ता, रजनी, कंचन जमीर, सीता डागर एवं श्रीमती सुषमा आदि सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी बूथों पर तैनात होंगे हमारे यूथ: सिंगला

**भाजपा युवा मोर्चा ने बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से की एक बूथ एक यूथ कार्यक्रम की शुरूआत**



सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बडख़ल विधानसभा क्षेत्र के तीनों मंडलों के अध्यक्ष भरत भड़ाना मेवला मंडल, सुमित चंदीला बडख़ल मंडल, हरप्रीत सिंह एनएच मंडल सहित जिला महामंत्री सचिन ठाकुर, गोल्डी अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ, आयुष चंदीला, करण गोयल, मोहित नागर, अनिकेत सिंह, पुनीत रतरा, मदन थापर सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य एक बूथ पर एक यूथ कार्यक्रम के तहत सभी बूथों को कवर करना है। इसकी शुरूआत आज बडख़ल विधानसभा क्षेत्र स्थित बडख़ल मंडल अध्यक्ष के कार्यालय सैक्टर-21सी से की गई। इस बैठक का उद्देश्य सभी मंडल कार्यकर्ताओं से वन टू वन मुलाकात करना और उनको आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए संगठन की तैयारियों के मद्देनजर तैयार होने के लिए दिशा-निर्देश देना था। पंकज सिंगला ने कहा कि देश में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले सभी विधानसभा क्षेत्रों में वन यूथ और वन बूथ की रचना करेगा।

## बीएसएनएल ड्राइंग प्रतियोगिता में छात्रा को मिला 1 वर्ष का नि:शुल्क ब्रॉडबैंड कनेक्शन

सात्विक देव,भरोसा मित्र




फरीदाबाद। भारत संचार निगम लिमिटेड फरीदाबाद द्वारा सेक्टर-55 के राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत प्राथमिक विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के परिणामों को घोषित करते हुए फरीदाबाद बीएसएनएल के उपमहाप्रबंधक बलवंत राय ने बताया कि कक्षा 3 की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे प्रमाण पत्र के साथ एक वर्ष का निशुल्क अनलिमिटेड ब्रॉडबैंड कनेक्शन दिया जाएगा, जबकि दूसरे स्थान पर कक्षा 5 के छात्र निशांत रोहतगी को प्रमाण पत्र के साथ 6 महीने का निशुल्क कनेक्शन व इसी प्रकार तृतीय स्थान पर रहने वाली 5 वीं की छात्रा नेहा को 3 महीने का ब्रॉडबैंड कनेक्शन निशुल्क देने की घोषणा की की गई। श्री राय ने कहा की कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए चित्रों की सुन्दरता, सफाई व निहित संदेश को देखकर वे हतप्रभ रह गए। बीएसएनएल की सहायक महाप्रबंधक स्वाति अग्रवाल भी विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत, प्राथमिक विद्यालय की मुखिया सीमा कटारिया तथा सभी अध्यापकों के द्वारा किए जा रहे योग्यता पूर्ण परिश्रम की सराहना करने से अपने को नहीं रोक पाई। प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा बीएसएनएल के सभी अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संबोधित करने वालो में बीएसएनएल के एसडीओ दीपक वर्मा, जे.टी.ओ. सोनिया, समाजसेवी सुरेश शर्मा तथा कर्मवीर सिंह आदि प्रमुख रूप से रहे।

**अभियान** | 11 व 12 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा कैम्पों का आयोजन

# अपंजीकृत पात्र वोटर कैंडिडेटों को वोटर लिस्ट से जोड़ने का लिए कैम्पों का आयोजन: डीसी

**युवाओं व महिला पात्र कैंडिडेट अपनी भागीदारी ज़रूर सुनिश्चित करें**

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अडीसी एव जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम बडख़ल अमित मान ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पात्र अपंजीकृत व्यक्तियों तथा विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं को आगामी लोकसभा आम चुनाव से पहले मतदाता सूची से जोडऩे के लिए फरीदाबाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र में विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। इन कैंपों में उक्त पात्र अपंजीकृत कैंडिडेटों के वोटर कार्ड बनाए जाएँगे।उन्होंने आगे बताया कि आगामी दिनांक 11 अक्टूबर व 12 अक्टूबर को प्रातः 10ः00 बजे से सायं 5ः00 बजे तक 89 फरीदाबाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वहां के बीएलओ तथा सुपरवाइजर की अध्यक्षता में कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम बडख़ल अमित मान ने सभी अपंजीकृत पात्र कैंडिडेटों विशेष कर युवाओं व महिलाओं से अपील की है कि वे अपने आप को वोटर लिस्ट में पंजीकृत करवाएं तथा अपना वोटर कार्ड ज़रूर बनवाएं।

### इन स्थानों पर किया जाएगा कैम्पों का आयोजन

मतदान केंद्र नंबर 1 से 7 के कैंडिडेटों के लिए राजकीय प्राथमिक स्कूल, संत नगर एनआईटी फरीदाबाद, महावीर स्कूल, संत नगर फरीदाबाद तथा मॉडर्न सनशाइन पब्लिक स्कूल, सरपंच कॉलोनी में, मतदान केंद्र नंबर 8 व 9 के कैंडिडेटों के लिए विश्वकर्मा समिति, ए.सी नगर, नीलम बाटा रोड फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 10 से 11 के लिए वैश्य धर्मशाला-23, नीलम बाटा रोड फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 12 से 14 के कैंडिडेटों के लिए पुराना सामुदायिक भवन, नजदीक डिलाइट होटल ए.सी नगर में, मतदान केंद्र नंबर 15 के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाल विद्या निकेतन मिडिल स्कूल, रामनगर में, मतदान केंद्र नंबर 16 के लिए पुराने सामुदायिक भवन नजदीक डिलाइट होटल ए.सी नगर में, मतदान केंद्र नंबर 17 से 18 के लिए डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाल विद्या निकेतन मिडिल स्कूल रामनगर में, मतदान केंद्र नंबर 19 से 21 के लिए अपारैल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसलिंग कार्यालय प्लॉट नंबर 21 फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 22 के लिए राजकीय प्राइमरी स्कूल मिल हार्ड इंदिरा नगर नजदीक बाटा रेलवे स्टेशन, एनआईटी फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 28 के पात्र कैंडिडेटों के लिए वाईएमसीए इंजीनियरिंग कॉलेज फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 89 व 90 के पात्र कैंडिडेट के लिए सैनी धर्मशाला पुरानी चुंगी के पास फरीदाबाद शहर में, मतदान केंद्र नंबर 147, 148 व 149 के लिए राजकीय प्राइमरी स्कूल सेक्टर-15 ए फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 150, 151 व 152 के लिए नए सामुदायिक भवन अजरौंदा में, मतदान केंद्र नंबर 208, 209, 210 व 211 के लिए राजकीय प्राइमरी स्कूल प्रेम नगर, सिही फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 212, 213, 214, 215, 216, 217 व 218 के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिही फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 219 के लिए अनुसूचित जाति चौपाल, सिही फरीदाबाद में, मतदान केंद्र नंबर 220, 212, 222, 223 व 224 के लिए कार्मेल कान्वेंट स्कूल सेक्टर-7, सिही फरीदाबाद में कैम्पों का आयोजन किया जाएगा।

## भारत के खिलाड़ी दुनिया में कर रहे हैं देश का नाम रोशन : विजय प्रताप

सात्विक देव,भरोसा मित्र



फरीदाबाद। होमर्टन ग्रामर स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट में कांग्रेसी नेता एवं बडख़ल विधानसभ क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह ने शिरकत की और बच्चों की हौसलाफजाइ की। इस मौके पर विजय प्रताप सिंह ने कहा कि बात कबड्डी की करें तो इसमें कोई दोहराया नहीं है कि आज यह पूरी दुनिया का लोकप्रिय गेम है। शुरूआत में जिस प्रकार भारत में कबड्डी कच्चे ग्राण्उड पर खेली जाती थी, तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाडिय़ों को कुछ परेशानियां अवश्य आई। क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मैट पर कबड्डी खेली जाती थी। मगर, जैसे-जैसे समय बीतता गया, भारत के खिलाडिय़ों ने मैट पर भी महारथ हासिल की और आज भारत के खिलाड़ी दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि एशियन गेम्स में भारत ने 100 से अधिक मेडल जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है। निस्संदेह भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें बस तराशने की। इससे पूर्व विजय प्रताप ने दीप प्रज्जवलित कर टूर्नामेंट की शुरूआत कराई और खिलाडिय़ों से हाथ मिलाए। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरू को माता-पिता के बाद सबसे बड़ा दर्जा दिया गया है। इसलिए मां-बाप और टीचर्स के आदेशों का पालन अवश्य करें। इन्होंने कोई आदेश दिया है, तो उसकी तामील करें और मैं गारंटी के साथ कहता हूं अगर इसको आप फोलो करेंगे, तो दुनिया में ऐसी कोई चीज नहीं जिसे आप हासिल न कर सकें।

## खबर फटाफट

### जनमिलन समारोह में जेबकतरों की रही मौज, मोबाइल और कैश ले गए

**जींद :** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जन मिलन समारोह में भारी जुटीभीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने कई लोगों की जेब से पर्स, मोबाइल समेत दूसरा सामान निकाल लिया। शहर थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पीछे भी आयोजित हुई कई रैलियों में लोगों की जेब कट चुकी है। कई अन्य लोगों ने पर्स और रुपए चोरी हुए हैं। कुल मिलाकर एक लाख रुपए के करीब राशि के अलग-अलग लोगों के जेब से पैसे और मोबाइल तथा दूसरे दस्तावेज चोरी हुए हैं।

रोहतक में किन्नर से गनपॉइंट पर लूटपाट की गई। घटना उस वक्त हुई जब किन्नर अपने कमरे में मौजूद था। बदमाशों ने पहले उसकी किडनैपिंग की भी कोशिश की। जब वे कामयाब नहीं हुए तो मोबाइल से कैश डलवाकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### कार ने दो युवकों कुचला, ग्रामीणों ने लगाया जाम




**करनाल :** असंध-कैथल रोड पर बाइक सवार दो युवकों को कार ने कुचल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,लेकिन नाराज लोगों ने जाम लगा दिया। इससे वाहनों का आवागन बाधित हो गया। ग्रामीणों की पुलिस से नोकझोंक हुई। लोगों का आरोप था कि हादसे के दौरान मौके पर कार के स्पेयर पार्ट पड़े हुए थे। बाद मे वे गायब कर दिए गए। युवकों के परिजनों का आरोप था कि पुलिस पर आरोपियों को बचा रही है।

### कैश नहीं चुरा पाए,एटीएम तोड़ दिया

**करनाल:** जलमाना गांव में आधी रात को चोरों ने एटीएम से कैश चुराने की कोशिश की। जब उन्हें इसमें कामयाबी नहीं मिली तो उन्होंने मशीन के साथ जमकर तोड़फोड़ की। वहां लगे कैमरों को भी तोड़ डाला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठे किए और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। यह घटना रविवार देर रात को करीब सवा 12 बजे से एक बजे के बीच की बताई जाती है।चोरों ने यह काम इस तरह से किया कि किसी को शोर तक सुनाई नहीं दिया और भनक तक नहीं लग पाई।

### फतेहाबाद के कई होटलों-ढाबों पर मारा छापा



**फतेहाबाद :** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने सोमवार को फतेहाबाद के दर्जनभर होटलों, ढाबों व चिकन कॉर्नर पर छापामारी की। इस दौरान स्पेशल ट्रेंड बुलेट डॉग भी टीम के साथ था। ब्यूरो ने खासकर उन होटलों व ढाबों पर सर्च अभियान चलाया, जो नशा तस्करों के ठिकाने माने जाते हैं। हालांकि इस रेड के दौरान कोई नशीली वस्तु नहीं मिली। जिले की ब्यूरो यूनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर सुरेंद्रा ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के निर्देश पर नशीले पदार्थ माफियों की चेन तोड़ने को लेकर चिहिन्त ठिकानों पर यह रेड की गई थी। लगभग 9 ढाबे, होटल, चिकन कॉर्नर व रेहड़ियों को सूची बनाकर तलाशी की गई। इस दौरान बुलेट डॉग भी साथ था। इस कार्रवाई से होटलों और ढाबों के मालिकों में हड़कंप मचा रहा।

### लाखनमाजरा : युवक को मारी गोली

**रोहतक :** लाखनमाजरा में सोमवार को गली से गुजर रहे 27 वर्षीय युवक रितेश को दो युवकों ने गोली मार दी। गोली बाएं पैर में जा धंसी। शक है कि करनाल जेल में बंद एक युवक के इशारे पर ऐसा किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सूचना के मुताबिक रितेश करीब एक बजे गली से गुजर रहा था। दो युवक आए और कहासुनी करने लगे। एक ने पिस्तौल निकाली और उसके ऊपर फायर कर दिया। गोली बाएं पैर की साथल में जा धंसी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। घायल को पीजीआई में दाखिल कराया। मामले की सूचना पाकर लाखनमाजारा थाना प्रभारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और छानबीन की। मामले में करनाल जेल में बंद एक युवक का नाम सामने आ रहा है। हालांकि आधिकारिक तौर पर परिजनों के बयान दर्ज होने व आरोपियों के काबू आने के बाद ही पता लग सकेगा।

### पहले प्रेम जाल में फंसाया, फिर दोनों बहनों को बेच दिया

**भिवानी:** मानव तस्करी निरोधक स्टेट क्राइम ब्रांच और बाल कल्याण समिति की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू कर आसाम से लाकर यहां बेची गई दो नाबालिग बहनों को दो अलग-अलग गांवों से बरामद किया है। एक युवक ने प्रेम जाल में फंसाकर दोनों बहनों को भिवानी में लाकर लाखों रुपयों में बेच डाला। इसके बाद दोनों ही बहनों को स्टेट क्राइम ब्रांच और सीडब्ल्यूसी की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू कर सोमवार दोपहर बाद बरामद कर लिया है। दोनों लड़कियों को भिवानी लाकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसके बाद उन्हें बाल सेवा आश्रम भेजा गया है।मानव तस्करी निरोधक स्टेट क्राइम ब्रांच के एसआई संजय सिंह, डीसीपीओ संदीप कुमार और बाल कल्याण समिति सदस्य सतेंद्र तंवर की अगुवाई में टीम ने कार्रवाई की।

### पांच को उम्र कैद की सजा मिली

**हिसार:** उगालन गांव में युवक की हत्या के मामले में कोर्ट ने 5 व्यक्तियों को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामला एडीजे अमित सहरावत की कोर्ट में चल रहा था। इससे पहले कृष्ण, जोगेंद्र, विशाल, रामराजी व भकलाना निवासी संजय को दोषी करार दिया गया। उम्रकैद की सजा के साथ इन पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

साहस दिखाते हुए पुलिस को ही दे दिया चकमा

# जब चोर डायल-112 गाड़ी लेकर हो गया चंपत

**युवक को पकड़ कर ले जा रही थी पुलिस, पति पत्नी में झगड़ा होने की सूचना मिलते ही उसका ध्यान हो गया बेखबर**

भरोसा मित्र

**यमुनानगर।** यहां एक मजेदार मामला देखने को मिला। सूचना मिलने पर पुलिस की डायल 112 की गाड़ी मौके पर तुरंत पहुंचने का दावा किया जाता है, उसी को एक चोर लेकर चंपत हो गया है।

यह घटना जिले के गांव खुर्दी की है। यहां चोरी के आरोप में एक युवक को पकड़ा गया था। जब पुलिस उसे गाड़ी से थाने लेकर जा रही थी। इसी बीच पति-पत्नी में झगड़े की सूचना पर पुलिस को रास्ते में गांव खुर्दी जाना पड़ा। इसी बीच युवक पुलिस की गाड़ी लेकर भाग गया। हालांकि बाद में पुलिस को गाड़ी लावारिस हालत में बरामद हो गई। गाड़ी लेकर आए युवक का अभी सुराग नहीं लगा है। पुलिस जांच कर रही है।




जानकारी अनुसार पुलिस की डायल 112 टीम चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक को गाड़ी में बैठाकर फर्कपुर थाना ले कर जा रही थी। तभी थाना यमुनानगर सदर से सूचना मिली कि गांव खुर्दी में सुखबीर और उसकी पत्नी का झगड़ा हो गया है। डायल 112 की गाड़ी में पुलिस कर्मी खुर्दी गांव में पहुंचे। पुलिस कर्मी गाड़ी से उतर कर सुखबीर सिंह के घर पहुंचे तो पीछे से गाड़ी में बैठा चोर पुलिस की गाड़ी को भगा ले गया।

#### आखिर सेक्टर 18 में खड़ी मिल गई गाड़ी

वारदात के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया। खुर्दी गांव से चोरी हुई डायल 112 की गाड़ी बाद में यमुनानगर के सेक्टर 18 में टाउन पार्क के नजदीक से बरामद हुई। वहां पर गाड़ी लावारिस हालत में खड़ी हुई थी। पुलिस राइडर मौके पर पहुंच कर गाड़ी की जांच कर रही है।पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति मॉडल टाउन के पार्ट 2 में डायल 112 गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया है। जाते-जाते वह गाड़ी की चाबी अपने साथ ले गया। फिर उसकी चाबी को तलाश किया गया।

# हरियाणा शिक्षा बोर्ड ने बदला परीक्षा का शेड्यूल

**बताया गया कि ग्रुप-डी एग्जाम के मद्देनजर तारीख में किया गया बदलाव**

भरोसा मित्र




**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की 20 अक्टूबर से होने वाली पूरक परीक्षा की तिथि में प्रशासनिक कारणों के चलते संशोधन किया गया है। परीक्षा अब 19 अक्टूबर से शुरू होगी।

भिवानी स्थित बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि हरियाणा में सीईटी ग्रुप डी की परीक्षा को देखते हुए शिक्षा बोर्ड की 20 अक्टूबर, 2023 को होने वाली सेकेंडरी की गणित एवं सीनियर सेकेंडरी की भूगोल विषय की परीक्षा अब 20 अक्टूबर की बजाय एक दिन पहले 19 अक्टूबर को करवाई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के तिथि-पत्र बारे सूचना बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने आगे बताया कि सेकेंडरी/सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त स्कूल ) विद्यालयी/स्वयं पाठी परीक्षार्थी संशोधित किए गए तिथि-पत्र बारे सूचना को डाउनलोड करने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर विजिट करें।

# नौ दिन बीत गए, नहीं लिया शव, धरना जारी

**कहा : जब उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक वे उसका शव नहीं लेंगे और धरने पर जमे रहेंगे**

भरोसा मित्र

**रोहतक।** के शीशपाल मर्डर केस में आरोपी पूर्व सरपंच को गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर सोमवार को परिवार ने ग्रामीणों के साथ अंबेडकर चौक पर धरना पर बैठ गए हैं। वे उसका शव लेने को तैयार नहीं है।

धरने पर बैठे परिवार वालों का कहना है कि जब तक पूर्व सरपंच को गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता तब तक वे धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

बता दें कि करीब 9 दिन से शव रोहतक पीजीआई में रखा हुआ है। जिसका अभी तक अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। परिवार वालों का कहना है कि जब उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक वे उसका शव नहीं लेंगे और धरने पर जमे रहेंगे। हालांकि पुलिस ने शीशपाल हत्याकांड के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन परिवार वाले पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने ढीली कार्रवाई की है।

शीशपाल के परिवार वाले चाहते हैं कि पुलिस कड़ी कार्रवाई करके हत्या के कारणों की जांच पड़ताल करे।



#### क्या है मामला शीशपाल का

बता दें कि 1 अक्टूबर को गुगाहेड़ी निवासी शीशपाल की मां किशनदेवी सुबह करीब 10 बजे रेहड़ी पर सब्जी खरीद रही थी। सब्जी खरीदने के दौरान गांव गुगाहेड़ी निवासी कर्मवीर उर्फ बल्लू ने शराब के नशे में किशनदेवी से बेवजह गाली गलौज करने लगा। किशनदेवी के बेटे शीशपाल ने कर्मवीर को समझाया तो कर्मबीर ने धमकी देते हुए सूर्यास्त होने से पहले गोली मरवाने की धमकी दी। इसके बाद शीशपाल शाम करीब 4 बजे रामकुमार की बैठक में बैठा हुआ था। तभी कर्मबीर उर्फ बल्लू अपने भांजे नसीब व अन्य युवक के साथ हथियार सहित मोटरसाइकिल पर सवार होकर आया।उन्होंने शीशपाल पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें शीशपाल को 5-6 गोलियां लगी। गोली लगने से घायल हुए शीशपाल को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया। यहां शीशपाल की मौत हो गई। पुलिस ने शीशपाल हत्याकांड में गांव गुगाहेड़ी निवासी कर्मबीर, नसीब व जिला जींद के गांव कसौला निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है।

सीएम के ओएसडी बोले, हुड्डा समस्या तो मनोहर लाल समाधान

# हुड्डा और चौटाला राज में पनपी कच्ची कालोनियां खट्टर ने की पक्की : जवाहर

राजेश कुमार नुगरिया, भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हरियाणा के 14 जिलों मे 21 पालिकाओं की 193 कालोनी, नगर एवं योजना विभाग की 110 कालोनियां नियमित करने की घोषणा को सीएम के ओएसडी जवाहर यादव ने ऐतिहासिक बताया साथ ही उन्होने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला पर निशाना भी साधा। जवाहर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को 303 कच्ची कालोनीं को नियमित किया और अब तक 1,438 कालोनियों को पक्की कर चुके है इनमें अधिकतर वो कालोनियां है जो हुड्डा और चौटाला राज में पनपी । जवाहर यादव ने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में केवल 874 कालोनियों को ही नियमित किया और बाकियों को ऐसे ही छोड़ दिया जो कि बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहीं। उन्होने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन लोगों की पीड़ा को समझा और नियमों में बदलाव कर 1,438 कालोनियों के लाखों लोगों के जीवन को सरल करने का मार्ग खोला और इनके विकास कार्य के लिए 3000 करोड़ की व्यवस्था भी की साथ ही 31 जनवरी 2014 तक 1,507



**हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में केवल 874 कालोनियों को ही नियमित किया था**

#### मनोहर लाल ने सिफारिस का खेल किया खत्म

जवाहर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कच्ची,पक्की कालोनी में सिफारिस का खेल ख़त्म कर वहां रह रहे लोगों को प्राथमिकता दी है । उन्होने कहा की मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने शासनकाल में बिना किसी भेदभाव के प्रदेश में सर्वांगीण विकास करवा रहे हैं वो विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के साथ-साथ अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू करके प्रदेश की

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया परीक्षा शाखा का घेराव

**नाराजगी का कारण परीक्षा शाखा रिव्युवेशन को लेकर समय पर परिणाम नहीं मिलना बताया गया**

भरोसा मित्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं सोमवार सुबह ही सड़कों पर उतर आए और परीक्षा शाखा का घेराव कर धरने पर बैठ गए। छात्रों के गुस्से को देख विश्वविद्यालय सुरक्षा कर्मी के साथ-साथ पुलिस बल भी तैनात कर दिए गए हैं।

सुबह ही छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में अपनी कक्षाएं छोड़कर एकजुट हो गए और रोष मार्च निकालते हुए परीक्षा शाखा पर पहुंचे, जहां जमकर रोष जताया जा रहा है। उनका कहना है कि परीक्षा शाखा रिव्यूवेशन को लेकर समय पर परिणाम नहीं दे रही, जिससे उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ता है।



उन्होंने 15 से 20 दिन में यह परिणाम जारी किए जाने की मांग की है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने रि अपीयर व रिव्यल्यूवेश फीस में बढ़ौतरी की है, जो उनके साथ अन्याय है। यह वापस ली जानी चाहिए। उनका कहना है कि करीब एक सप्ताह पहले भी वे रोष प्रदर्शन कर ज्ञापन देते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन गंभीरता से नहीं लिया गया। उनकी मांग पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया।

ऐसे में छात्र-छात्राओं में रोष गहराता जा रहा है और विश्वविद्यालय प्रशासन को उनकी मांगें पूरी करनी ही होंगी। तब तक उनका विरोध जारी रहेगा।

### पराली जलने की घटनाएं तीन गुना बढ़ीं : ढांडा

**दिल्ली/चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रमुख प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ और हरियाणा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को पराली प्रदूषण के मुद्दे पर कहा कि हर साल दिल्ली और आसपास का इलाका प्रदूषण से पीड़ित होता है। अभी से परानी जलाने के जो मामले आ रहे हैं वो चिंताजनक हैं। हरियाणा में सीजन शुरू होते ही ऐसे मामले तीन गुना बढ़ु गए हैं। खट्टर सरकार के आरोप तो बड़े बड़े होते हैं, लेकिन इस प्रदूषण को कम करने और पराली के कम् जलने के लिए जो योजनाएं बनाई गई, वो धरातल पर लागू नहीं हो रही।

# हरियाणा में 23 आइपीएस अफसर बढ़ाने का प्रस्ताव लटका, दोबारा चलेगी फाइल

**इससे उन आइपीएस अधिकारियों को झटका लगा है जो अपनी पदोन्नति की उम्मीद लगाए बैठे थे**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।**हरियाणा में आइपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारियों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव फिलहाल लटक गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आइपीएस काडर बढ़ाने को लेकर प्रदेश सरकार की




ओर से भेजे गए प्रस्ताव में कमियां गिनाई हैं। साथ ही प्रस्ताव को वापस भेजकर संशोधित प्रस्ताव निर्धारित प्रोफार्मा में दोबारा भेजने को कहा है।

इससे उन आइपीएस अधिकारियों को झटका लगा है जो अपनी पदोन्नति की उम्मीद लगाए बैठे थे। उन्हें पदोन्नति के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार ने 11 अगस्त को केंद्र सरकार को आइपीएस अधिकारियों के लिए स्वीकृत पदों की संख्या को बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था।

बताया जाता है कि हरियाणा में आइपीएस काडर को मौजूदा 144 से बढ़ाकर 167 करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसमें काडर पद, एक्स-काडर पद और आफिसर आन ट्रेनिंग के पद शामिल हैं।

हरियाणा के गृह विभाग की ओर से जो प्रस्ताव भेजा गया है उसमें स्टेट काडर के पदों को मौजूदा 79 से बढ़ाकर लगभग 90 करने का प्रस्ताव है।

पुलिस महानिदेशक के काडर पदों को दो से बढ़ाकर तीन करने और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद छह से बढ़ाकर आठ करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा आइजी और डीआइजी के 18-18 तथा एसपी और डीसीपी के 44 पद किए जाने का प्रस्ताव है।

बता दें कि नियमानुसार हर पांच साल के अंतराल में आइपीएस काडर की समीक्षा किया जाना अनिवार्य है। प्रदेश में आइपीएस काडर की संरचना की समीक्षा पिछले साल होनी थी। चूंकि इसकी नियत तारीख के बाद 20 महीने पहले ही बीत चुके हैं, इसलिए आइपीएस अधिकारी काडर संख्या बढ़ाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय पिछले साल फरवरी से अब तक हरियाणा सरकार को सात पत्र लिखकर आइपीएस अधिकारियों के काडर और संरचना की समीक्षा के लिए प्रस्ताव मांग चुका है। 11 अगस्त को राज्य सरकार ने प्रस्ताव भेजा भी, लेकिन इसमें कई कमियां थी। इसलिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संशोधित प्रस्ताव मांगा है जो कि निर्धारित प्रोफार्मा में हो।

### मुआवजे के लिए किसान 13 तक जेजेपी कार्यालय पर देंगे धरना

भरोसा मित्र

**जींद:** उचाना में सोमवार को किसान महापंचायत हुई। प्रदेशभर से किसान इस महापंचायत में पहुंचे। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा द्वारा आयोजित इस महापंचायत में मुख्य वक्ता के तौर पर रवि आजाद, उचाना धरना संयोजक आजाद पालवां पहुंचे। प्रदेश सरकार से खराब हुई फसलों का मुआवजा देने, किसान को कर्ज मुक्त करने, बकाया किसानों के बिजली के कनेक्शन जारी करने की मांग की। बाद में ब्लॉक कार्यालय से पुराने बस स्टैंड, रेलवे रोड से होते हुए पुराना रजबाहा रोड के रास्ते जेजेपी कार्यालय तक प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। धरने पर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन देने की मांग की। किसान नेताओं द्वारा डिप्टी सीएम से किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्च हरियाणा की दुष्यंत चौटाला से करवाने की मांग की। संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर फैसला लिया कि 10 से लेकर 13 अक्टूबर तक जेजेपी कार्यालय के सामने किसान धरना देंगे। अगर डिप्टी सीएम से बैठक नहीं हुई तो 13 अक्टूबर को संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक होगी।

तीखा वार | जेजेपी प्रवक्ता विवेक चौधरी ने कहा : हरियाणा को धोखा न दो

# आम आदमी पार्टी एसवाईएल पर अपना स्टैंड स्पष्ट करें

**हम अरविंद केजरीवाल को चाय के साथ पकोड़े खिलाने के लिए तैयार हैं, वे एसवाईएल के मसले का हल तो बताएं**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक चौधरी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी हरियाणा की जनता को धोखा देने की बजाय सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर मामले पर अपना रुख स्पष्ट करें।

उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद हरियाणा को उसके हिस्सा का पानी नहीं दे रही तो वहीं दूसरी ओर दिल्ली की आप पार्टी की सरकार हरियाणा से पानी की लगातार मांग करती रहती है। विवेक चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में चुनावों की तैयारी कर रही है और पंजाब-दिल्ली में किए कामों का झूठा राग अलाप रही है लेकिन हरियाणा के किसानों की जरूरत एसवाईएल के पानी पर आप पार्टी कुछ भी बोलना नहीं चाहती।

विवेक चौधरी ने कहा कि हरियाणा की जागरूक जनता आप पार्टी की लीडरशिप से इस विषय पर लगातार जवाब मांग रही है इसलिए आम आदमी पार्टी को अपना स्टैंड क्लियर करना चाहिए।

जेजेपी प्रवक्ता ने आप पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के द्वारा हिसार की धरती पर दिए उस बयान पर जवाब मांगा, जिसमें केजरीवाल ने कहा था कि प्रधानमंत्री उन्हें चाय का टाइम दें तो वे पांच मिनट में एसवाईएल के मसले का हल कर देंगे। विवेक ने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल को चाय के साथ पकोड़े खिलाने के लिए तैयार हैं इसलिए वे अपनी चाय के चक्कर में हरियाणा के किसानों के साथ धोखा न करें और हरियाणा को उसके हिस्से का पानी पंजाब की उनकी आम आदमी पार्टी की सरकार से दिलाने में सहयोग करें। पहले उनकी पार्टी इस नहर पर अपना स्टैंड तो स्पष्ट करे, एसवाईएल हरियाणा की जीवन रेखा है। यहां की जनता को इसका पानी का हक चाहिए,इस पर आम आदमी पार्टी दोगली बात नहीं करे। केजरीवाल पंजाब के सीएम से बात करें, वे सुप्रीम कोर्ट का आदेश मानने को तैयार नहीं हैं।उन्होंने कहा कि कोई भी देश के सर्वोच्च न्यायालय से ऊपर नहीं है।

JJP जननायक जनता पार्टी

#### दावे की असलियत

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता के बयानों पर जवाब देते हुए कहा कि सुशील गुप्ता 2025 में एसवाईएल का पानी आखिरी टेल तक पहुंचाने का दावा कर रहे हैं जबकि आज पंजाब में आम आदमी पार्टी की ही सरकार है तो वे हरियाणा के किसानों का हक पंजाब से क्यों नहीं मांग रहे ?

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।